मौसम बदलने के कारण धुंध छाई हुई है। कुछ दिनों तक प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी जारी रहने की उम्मीद है। निर्माणाधीन परियोजनाओं को लेकर शहर में 80 स्थलों पर कुल 51.80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

'पड़ोसी राज्यों के पराली जलाने से दमघोंटू हुई दिल्ली की हवा'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा-पंजाब में पराली जलाए जाने की वजह से दिल्ली की हवा दमघोंटू हो गई है। दिल्ली की जनता को राहत दिलाने के लिए सरकार की तरफ से कई कड़े फैसले लिए गए हैं और उनको लागू भी किया गया है। लेकिन जब तक पड़ोसी राज्यों में पराली का कचरा जलना बंद नहीं होता तब तक दिल्ली के हालात नहीं सुधरेंगे। इस मामले में शुक्रवार को मुख्यमंत्री ईपीसीए के प्रमुख भूरेलाल से भी मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस व भाजपा से आग्रह है कि वह अपने राज्यों की सरकारों को पराली जलाने से रोके।

ऑफिस का समय बदलने पर विचार कर रही है सरकार : एक निश्चित समय पर अधिक यातायात होने की वजह जनता को भीषण जाम का सामना करना पड़ता है। जो प्रदूषण की एक बड़ी वजह है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने संकेत दिए कि इस जाम की स्थिति में सुधार लाने के लिए दिल्ली सरकार ऑफिस समय में बदलाव की रणनीति पर भी काम कर रही है। वहीं स्कूलों की छुट्टी के विषय में उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि सम विषम की स्थिति लागू होने के बाद प्रदूषण के हालात को देखते हुए छुट्टी के संबंध में आखिरी फैसला लिया जाएगा।

लेजर शो से मिली प्रदूषण कम करने में मदद : केजरीवाल

दीपावली से ठीक पहले दिल्ली सरकार ने कनॉट प्लेस में लेजर शो का आयोजन किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस शो की मदद से बड़ी संख्या में लोग कनॉट प्लेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि इससे प्रदूषण कम हुआ। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में उपराज्यपाल की अहम भूमिका रही और सभी एंजसियों ने मिलकर काम किया। इस बार यह आयोजन सरकार ने कम स्तर पर किया था लेकिन अगले वर्ष यह कार्यक्रम बड़े पैमाने पर होगा। सरकार की अपील के बाद दिल्ली वालों ने इस बार कम पटाखे जलाएं हैं।

खबरों में शहर

'भोजपुरी रचना और आलोचना' का विमोचन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

हिंदी-भोजपुरी के लेखक डॉ अशोक द्विवेदी की पुस्तक 'भोजपुरी रचना और आलोचना' का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार और साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष आचार्य विश्वनाथ तिवारी ने किया।

विश्वनाथ तिवारी ने इसे भोजपुरी साहित्य के अध्येताओं के लिए उपयोगी बताया। कथाकार डॉ अल्पना मिश्र ने लेखक की बहुआयामी रचनाशीलता और संवेदनात्मकता पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सर्जक-आलोचक की संज्ञा दी। ब्रजेंद्र त्रिपाठी ने तीन खंडों वाली इस पुस्तक को काव्यशास्त्रीय दृष्टि से संपन्न और भोजपुरी साहित्य की विकास यात्रा से रू-ब-रू कराने वाली पुस्तक कहा। अकादमी सदस्य और विश्व भोजपुरी सम्मेलन के अध्यक्ष अजीत दुबे ने लेखक के चार दशकों के बहुमूल्य अवदान को रेखांकित करते हुए कहा कि भोजपुरी लेखन के समग्र सिंहावलोकन के लिए यह पुस्तक जरूरी है।

पुलवामा के दर्द को कलमबद्ध किया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

पुलवामा हमले के बाद भारती सेना की पाकिस्तान के सीमा पार की गई कार्रवाई ने साबित कर दिया है कि हमारे सशस्त्र बल ऐसे किसी भी तरह के मिशन को तेजी से सामरिक युद्धाभ्यास, फूल-प्रूफ लॉजिस्टिक समर्थन, उनके साथ उपलब्ध उच्च-तकनीकी युद्ध मशीनरी और हमारे नेताओं की राजनीतिक इच्छा के साथ पूरा कर सकते हैं। यह बात भाररतीय वायु सेना के विंग कमांडर एस के शर्मा ने कही। वे अपनी किताब 'वंस देयर वाज ए कंट्री कॉल्ड पाकिस्तान' के विमोचन और परिचर्चा में बोल रहे थे। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित इस समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अश्विनी कुमार बख्शी, एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) सी हरिकुमार, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) केटी गजरिया, कमांडर वीके जेटली भी मौजूद थे।

आज के कार्यक्रम

साभा-संगोष्ठी / विविध

इंडिया हैबीटाट सेंटर और रजा फाउडेंशन: केलुचरण मोहापात्रा स्मृति व्याख्यान ,गुलमोहर सभागार, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया : स्थापना दिवस समारोह व तम्सीली मुशायरा, डॉ एमए अंसारी सभागार, जामिया मिल्लिया इस्लामिया परिसर, शाम छह बजे।

इंडिया हैबीटाट सेंटर : नृत्य (ओडिशी), स्टेन सभागार, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

जेवर हवाई अड्डे के लिए 80 फीसद जमीन का कब्जा मिला

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 30 अक्तूबर।

जेवर में बनने वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए जमीन देने वाले छह गांवों के करीब 70 किसानों ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 28 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा दिए जाने के प्रमाणपत्र सौंपे। केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्रालय के निर्देशानुसार बिड पास के लिए 80 फीसद जमीन पर कब्जा एवं राज्य सरकार के नाम होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री के पास लखनऊ के कालीदास आवास पर सौंपे गए कब्जा प्रमाणपत्रों को मिलाकर 1068.9630 हेक्टेयर भूमि है। जो आवश्यक 1334 हेक्टेयर भूमि का 80.3 फीसद है। इस जमीन का भौतिक कब्जा यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

परियोजना के पहले चरण में छह गांव रन्हेरा, रोही, पारोही, दयानतपुर, बनवारीवास, किशोरपुर की 1334 हेक्टेयर भूमि ली जानी थी। इसमें करीब 94.85 हेक्टयेर भूमि राज्य सरकार की भी सम्मलित है। इन गावों के किसानों ने अपने कब्जा संबंधी दस्तावेज मुख्यमंत्री योगी को प्रस्तुत किए। भूमि के कब्जा प्रमाणपत्र जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, डीएम बी. एन. सिंह व जेवर में प्रस्तावित नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अध्यक्ष अरुण वीर सिंह ने मुख्यमंत्री को सौंपे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर हवाई अड्डे से रोजगार के साथ विदेशी निवेश आएगा और तरक्की के द्वार खुलेंगे।

हवाई अड्डे से रोजगार के साथ विदेशी निवेश आएगा और तरक्की होगी : योगी अदित्यनाथ

बता दें कि जेवर हवाई अड्डे के लिए जमीन देने वाले किसानों में विस्थापन और पुनर्स्थापना को लेकर उठ रही शंकाओं का समाधान करने के लिए नेताओं समेत प्रशासनिक अधिकारियों को लंबी कवायद करनी पड़ी थी। भट्टा पारसौल और घोडी बछेड़ा जैसे उग्र किसान आंदोलनों के मद्देनजर खासी सावधानी बरती गई थी।

एनबीसीसी ने 77.14 करोड़ की लाभांश राशि मंत्रालय को सौंपी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

भारत सरकार की नवरत्न संस्थानों में शुमार राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (एनबीसीसी) ने 77.14 करोड़ की राशि केंद्र सरकार को सौंपी। एनबीसीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक पवन कुमार गुप्ता की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पूरी से मिला और 77.14 करोड़ लाभांश का चेक उन्हें सौंपा।

इस मौके पर केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और एनबीसीसी के निदेशक एनके सिंह और बीके सुखेय भी मौजूद थे। एनबीसीसी की ओर से जारी बयान के मुताबिक राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम की सहायक कंपनी एचएससीएल की ओर से भी 11.31 करोड़ की लाभांश राशि मंत्रालय में दी गई।

एनबीसीसी और उसके सहायक संस्थान एचएससीएल दोनों की ओर से भारत सरकार को दी गई राशि वित्तीय वर्ष 2018-19 के लाभांश की हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने बुधवार को पंजाब के लिए कैंसर पहचान की सुविधा से लैस नौ वाहनों को रवाना किया। पंजाब से सांसद अंबिका सोनी, प्रताप सिंह बाजवा और कुछ अन्य नेता कपूरथला भवन से वैन को रवाना किए जाने के दौरान मौजूद थे।

प्रपत्र जी
रुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमन्त्रण
[ऋण शोध अक्षमता तथा दिवालिया (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए(1) के अधीन]

सुसंगत विशिष्टियाँ

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	आर.एस. अजित सिंह एण्ड कं. (ऑटोमोटिव) प्रा.लि.
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	15.01.1997
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	U34103DL1997PTC084491
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	पंजीकृत कार्यालय : सी-91/10, वजीरपुर इण्डस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली-110052, भारत
6.	कार्पोरेट देनदार के सम्बन्ध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि	31.07.2019
7.	रुचि की अभिव्यक्ति के आमन्त्रण की तिथि	31.10.2019
8.	संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों की पात्रता उपलब्ध है :	www.insolvencyandbankruptcy.in (यह आरपी की आईपीई की वेबसाइट है क्योंकि कॉर्पोरेट देनदार की कोई वेबसाइट नहीं है)
9.	धारा 29ए के तहत प्रयोज्य अपात्रता के मानदण्ड उपलब्ध हैं :	www.insolvencyandbankruptcy.in (यह आरपी की आईपीई की वेबसाइट है क्योंकि कॉर्पोरेट देनदार की कोई वेबसाइट नहीं है)
10.	रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति की अन्तिम तिथि	20.11.2019
11.	सम्भावित समाधान आवेदकों की अस्थायी सूची निर्गत होने की तिथि	25.11.2019
12.	अस्थायी सूची की आपत्तियाँ जमा करने की अन्तिम तिथि	30.11.2019
13.	सम्भावित समाधान आवेदकों की अन्तिम सूची निर्गत होने की तिथि	05.11.2019
14.	सम्भावित समाधान आवेदकों हेतु सूचना ज्ञापन पत्र, मूल्यांकन आव्यूह तथा निवेदन के निर्गमन की तिथि	30.11.2019
15.	समाधान योजना, मूल्यांकन आव्यूह, सूचना ज्ञापन पत्र तथा अधिक सूचना हेतु निवेदन प्राप्ति की रीति	समाधान प्रोफेशनल आईबीसी, 2016 की धारा 29ए के तहत तथा सीओसी द्वारा अनुमोदित योग्यता मानदण्ड, यदि कोई हो के पश्चात केवाईसी, निवेश की क्षमता, प्रबन्धन की क्षमता एवं पात्रता की पुष्टि के पश्चात इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में समाधान योजना/मूल्यांकन मैट्रिक्स/सूचना ज्ञापन साझा करेगा।
16.	समाधान योजनाओं के जमा होने की अन्तिम तिथि	30.12.2019
17.	समाधान प्रोफेशनल हेतु समाधान योजना जमा करने की रीति	इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में क्रम सं. 21 के सम्मुख अंकित ई-मेल आईडी पर
18.	अनुमोदन हेतु निर्णायक प्राधिकरण के पास समाधान जमा करने की सम्भावित तिथि	लेनदारों की समिति (सीओसी) के सदस्यों द्वारा अनुमोदन के पश्चात
19.	समाधान प्रोफेशनल का नाम तथा पंजीकरण संख्या	नाम : रोहित सहगल, आईपी पंजीकरण सं. : IBBI/IPA-001 /IP-P00528/2017-18/10953
20.	बोर्ड के साथ पंजीकृत के अनुसार समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता तथा ई-मेल	नाम : रोहित सहगल, एएए इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल के साझेदार पता-ए-604, सुज्जन विहार, सेक्टर-43, गुरुग्राम, हरियाणा-122002 ई-मेल आईडी : iamrs101@gmail.com
21.	समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार हेतु प्रयुक्त होने वाला पता तथा ई-मेल	पता : ई-10ए, कैलाश कॉलोनी, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048 ई-मेल आईडी : rsajit@aaainsolvency.com, rohit.sehgal@aaainsolvency.com लैण्डलाइन : 011-46664600
22.	अधिक विवरण अग्रलिखित पर या इसके साथ उपलब्ध है	www.insolvencyandbankruptcy.in
23.	प्रपत्र जी के प्रकाशन की तिथि	31.10.2019

दिनांक : 31अक्टूबर, 2019
स्थान : नई दिल्ली

श्री रोहित सहगल
एएए इन्सॉल्वेन्सी प्रोफेशनल्स एलएलपी
आर.एस. अजित सिंह एण्ड कं. (ऑटोमोटिव) प्रा.लि. के मामले में समाधान प्रोफेशनल
IBBI/IPA-001 /IP-P00528/2017-18/10953
ई-मेल आईडी : rohit.sehgal@aaainsolvency.com
सम्पर्क विवरण : ई-10ए, कैलाश कॉलोनी, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048
सम्पर्क नं. : 011-46664600

आज 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

फरीदाबाद, 30 अक्तूबर (जनसत्ता)।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। सुबह रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा जिसमें पुलिस और प्रशासन के सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी, विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट, शहरवासी तथा नगर निगम व पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। दौड़ के बाद राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। यह जानकारी बुधवार को मुख्यमंत्री के विशेष अधिकारी ओपी सिंह ने चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दी। उन्होंने इस बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियों के बारे में जानकारी ली।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि रन फॉर यूनिटी की दौड़ खेल परिसर सैक्टर-12 से सुबह सात बजे शुरू की जाएगी। यहां से शुरू होकर यह दौड़ सैक्टर-12, सैक्टर-15 के डिवाइडिगं रोड़, डीसी कॉलोनी, सैक्टर-15 मार्केट गीता मंदिर होती हुई वापस सैक्टर-12 के खेल परिसर में पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से प्रतिवर्ष स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री रहे सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ का आयोजन किया जाता है, जिसके माध्यम से नागरिकों को एकता व भाईचारे का संदेश दिया जाता है।

नाबालिग ने फूफा और उसके तीन बेटों पर लगाया बलात्कार का आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 30 अक्तूबर।

थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली नाबालिग ने अपने फूफा और उसके तीन बेटों पर कई साल तक बलात्कार करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि बुआ और फूफा ने उसे गाजियाबाद के एक व्यक्ति को बेच दिया था। आरोपी से बच निकलकर किशोरी ने दिल्ली के थाना भजनपुरा में आपबीती सुनाई। दिल्ली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जीरो एफआइआर दर्ज कर थाना सेक्टर-49 थाना पुलिस को भेजी है।

पुलिस को दी शिकायत में किशोरी ने बताया कि आरोपियों ने उसे अपनी हवस का शिकार बनाने के बाद उसे देह व्यापार में धकेल दिया। किशोरी का आरोप है कि बुआ और फूफा ने पैसों के लालच में उसे गाजियाबाद के एक व्यक्ति से मोटी रकम लेकर बेच दिया। जैसे -तैसे आरोपी के चंगुल से निकलकर वह दिल्ली पहुंची और अपना हाल बयां किया। दिल्ली पुलिस ने मामले को थाना सेक्टर-49 में स्थानांतरित कर दिया है।

JAIPRAKASH POWER VENTURES LIMITED

Regd. Office : Complex of Jaypee Nigrie Super Thermal Power Plant, Nigrie, Tehsil Sarai, District Singrauli - 486 669, (Madhya Pradesh)
Corporate Office: 'JA House' 63, Basant Lok, Vasant Vihar, New Delhi - 110057 (India)
Website: www.jppowerventures.com **Email:** jpvl.investor@jalindia.co.in **CIN :** L40101MP1994PLC042920

STATEMENT OF STANDALONE & CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER / HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2019

Rs. in Lakhs except Earning Per Share

Sr. No.	Particulars	Standalone					Consolidated					Standalone	Consolidated
		Quarter Ended			Six Months Ended		Quarter Ended			Six Months Ended		Year Ended	
		30.09.2019 (Unaudited)	30.06.2019 (Unaudited)	30.09.2018 (Unaudited)	30.09.2019 (Unaudited)	30.09.2018 (Unaudited)	30.09.2019 (Unaudited)	30.06.2019 (Unaudited)	30.09.2018 (Unaudited)	30.09.2019 (Unaudited)	30.09.2018 (Unaudited)	31.03.2019 (Audited)	31.03.2019 (Audited)
1	Total income from operations (net)	77,291	103,750	99,888	181,041	208,901	79,767	108,464	102,048	188,231	215,127	387,409	400,481
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax and exceptional items)	(24,740)	(17,952)	(8,874)	(42,692)	(13,496)	(24,790)	(15,801)	(9,309)	(40,591)	(12,345)	(58,613)	(56,005)
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items)	(24,740)	(17,952)	(8,874)	(42,692)	(8,228)	(24,790)	(15,801)	(9,309)	(40,591)	(7,077)	(53,345)	(50,737)
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional items)	(16,145)	(11,683)	(4,186)	(27,828)	(3,772)	(16,474)	(9,552)	(4,671)	(26,026)	(2,696)	(37,788)	(35,706)
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)	(16,142)	(11,680)	(4,187)	(27,822)	(3,774)	(16,471)	(9,549)	(4,672)	(26,020)	(2,698)	(37,776)	(35,694)
6	Equity Share Capital	599,600	599,600	599,600	599,600	599,600	599,600	599,600	599,600	599,600	599,600	599,600	599,600
7	Other equity	–	–	–	–	–	–	–	–	–	–	299,170	138,833
8	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (in Rs.)												
	Basic :	(0.27)	(0.19)	(0.07)	(0.46)	(0.06)	(0.28)	(0.17)	(0.08)	(0.45)	(0.06)	(0.63)	(0.62)
	Diluted :	(0.27)	(0.19)	(0.07)	(0.46)	(0.06)	(0.28)	(0.17)	(0.08)	(0.45)	(0.06)	(0.63)	(0.62)

Note : The above is an extract of the detailed statement of Quarter / Half yearly financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full Quarter / Half yearly financial results are available on the Stock Exchange websites i.e. www.bseindia.com and www.nseindia.com and also on the Company's website i.e. www.jppowerventures.com

Place : New Delhi
Dated : 30th October, 2019

JAYPEE GROUP — Construction, Power, Cement, Hospitality, Real Estate, Fertilizer, Buddh International Circuit — NO DREAM TOO BIG

For and on behalf of the Board
MANOJ GAUR
CHAIRMAN
DIN 00008480

epaper.jansatta.com

इकबाल मिर्ची धनशोधन मामले में ईडी के सामने पेश हुए राज कुंद्रा

मुंबई, 30 अक्तूबर (भाषा)।

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और कारोबारी राज कुंद्रा दिवंगत गैंगस्टर इकबाल मिर्ची और अन्य के खिलाफ चल रही धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि कुंद्रा पूर्वाह्न करीब 11 बजे बलार्ड पियर क्षेत्र में ईडी के कार्यालय में पहुंचे। एजंसी ने उन्हें 4 नवंबर को पेश होने के लिए कहा था, लेकिन समझा जाता है कि उन्होंने उस दिन कुछ जरूरी काम के कारण उससे पहले की कोई तारीख मांगी थी। ऐसी संभावना है कि एजंसी धनशोधन की रोकथाम कानून के तहत उनका बयान दर्ज करेगी। मामले में कार्यवाही धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के आपराधिक प्रावधान के तहत की जा रही है।

केंद्रीय जांच एजंसी इस मामले के सिलसिले में रंजीत बिंद्रा और बैस्टियन हॉस्पिटेलिटी नामक एक फर्म के साथ कुंद्रा के कथित सौदे की जांच कर रही है। अधिकारी ने बताया कि दोनों के बीच हुए कुछ व्यापारिक करारों की विस्तृत जानकारी की जरूरत है और इसलिए समन जारी किया गया है। बिंद्रा को कुछ समय पहले इस मामले में एजंसी ने गिरफ्तार किया था। कुंद्रा इससे पहले इन व्यावसायिक सौदों में किसी भी गलत काम से इनकार कर चुके हैं।

बिटक्वाइन घोटाला मामले के सिलसिले में पिछले साल भी इसी तरह एजंसी ने व्यवसायी से पूछताछ की थी।

2013 में लंदन में मारे गए गैंगस्टर इकबाल मिर्ची पर वैश्विक आतंकवादी दाउद इब्राहिम के लिए मादक पदार्थों की तस्करी और जबरन वसूली करने का आरोप है।

ईडी ने मिर्ची, उसके परिवार और अन्य के खिलाफ मुंबई में महंगी अचल संपत्ति की खरीद और बिक्री में कथित अवैध लेन-देन के लिए धनशोधन के आरोपों की जांच के लिए एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। पीएमएलए मामला मुंबई पुलिस की कई प्राथमिकियों पर आधारित है। ईडी ने पिछले कुछ महीनों में जांच के सिलसिले में कई छापे मारे हैं।

झारखंड : गोलियों से छलनी दो शव बरामद

जमशेदपुर, 30 अक्तूबर (भाषा)।

गोलियों से छलनी दो शव बुधवार को यहां एक पार्क से बरामद किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस थाना प्रभारी नित्यानंद महतो ने बताया कि करीब बीस वर्षीय एक स्त्री और एक पुरुष के शव मिले, जिनके सर पर गोली लगने के घाव थे तथा औरत के हाथ में एक बंदूक थी। उन्होंने बताया कि जगसलई पुलिस थानांतर्गत टाटा पिग्मेंट कंपनी के पास पार्क में रक्तरंजित शवों को देखकर सुबह की सैर करने आए लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

महतो ने कहा, 'प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है लेकिन हम हर कोण से इसकी जांच कर रहे हैं।' पुलिस को शव के पास से गोली के खाली खोखे भी मिले हैं। महतो ने बताया कि पुरुष की पहचान नगर के बाघबेरा क्षेत्र के सरोज उपाध्याय के रूप में की गई है।

यौन शोषण संबंधी अमेरिकी दंपति की शिकायत, रीवा का शिशु केंद्र बंद

रीवा, 30 अक्तूबर (भाषा)।

रीवा के शिशु केंद्र में बच्चों का यौन शोषण होने संबंधी अमेरिकी दंपति की शिकायत पर उस केंद्र को बंद कर दिया गया है।

अधिकारियों के अनुसार अमेरिकी दंपत्ति ने शिशु केंद्र से दो बच्चों को गोद लेने के बाद उस केंद्र में रहने वाले बच्चों के कथित यौन शोषण की शिकायत की थी। इसके बाद आंचल शिशु केंद्र को बंद कर दिया और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आंचल शिशु केंद्र गैर सरकारी संगठन निवेदिता द्वारा संचालित किया जाता है। शिशु केंद्र में रहने वाले एक लड़की और एक लड़के (दोनों छह साल से कम आयु के) को इस साल जून में सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्सेज एजंसी (सीएआरए) के माध्यम से कैलिफोर्निया (अमेरिका) में रहने वाले वाले जोड़े ने गोद लिया था।

जिला कलेक्टर ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि अमेरिकी दंपति ने शिकायत की है कि अमेरिका में परामर्श के दौरान बच्चों ने रीवा के शिशु केंद्र में उनके साथ यौन शोषण किए जाने का आरोप लगाया है। अमेरिकी दंपति की शिकायत के बाद आंचल शिशु केंद्र को मंगलवार को बंद कर दिया गया और वहां के सभी बच्चों को रीवा से 60 किलोमीटर दूर सतना के एक अन्य केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया है। श्रीवास्तव ने कहा कि शिशु केंद्र का पंजीकरण रद्द करने के बाद मामले को आगे की जांच के लिए पुलिस को सौंप दिया गया है।

उधर, पुलिस अधीक्षक आबिद खान ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, 'हम सभी कोणों से शिकायत की जांच कर रहे हैं।

प्रियंका ने पीएमओ पर सवाल उठाए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने यूरोपीय सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल के जम्मू-कश्मीर के दौरे को लेकर बुधवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 'इंटरनेशनल ब्रोकर' की प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच है, लेकिन देश के किसानों और बेरोजगारों को यह सुविधा हासिल नहीं है। इसके साथ उन्होंने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री कार्यालय में 'इंटरनेशनल ब्रोकर' की पहुंच कैसे बनी।

प्रियंका ने ट्वीट कर कहा कि भारत के किसानों-बेरोजगार युवाओं के लिए ये सुविधा नहीं है कि झट से मुलाकात हो सके, समस्याएं सुनी जा सकें। लेकिन मैडी शर्मा जैसे इंटरनेशनल बिजनेस ब्रोकर बड़ी शान से लिख सकते हैं कि भारत आइए, हम आपका खर्चा भी उठाएंगे, प्रधानमंत्री कार्यालय में हमारी पहुंच है, हम आपको प्रधानमंत्री से भी मिलवाएंगे।

उन्होंने सवाल किया कि इन बिजनेस ब्रोकर की प्रधानमंत्री कार्यालय में पहुंच बनी कैसे? 23 यूरोपीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने जम्मू-कश्मीर का दो दिवसीय दौरा किया। इन सांसदों ने बुधवार को कहा कि अनुच्छेद 370 भारत का आंतरिक मामला है और वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह देश के साथ खड़े हैं।

उमंग नरूला होंगे लद्दाख के उप राज्यपाल के सलाहकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश के रूप में अस्तित्व में आने से एक दिन पूर्व केंद्र ने बुधवार को वरिष्ठ आइएएस अधिकारी उमंग नरूला को इस हिमालयी क्षेत्र के उप राज्यपाल का सलाहकार नियुक्त किया है। 1989 बैच के आइएएस अधिकारी नरूला को तत्काल प्रभाव से लद्दाख के उप राज्यपाल का सलाहकार नियुक्त किया गया है। आज शाम जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई। इस समय वह जम्मू कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक के प्रधान सचिव हैं। मलिक को गोवा की जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है।

इसी के साथ ही 1995 बैच के आइपीएस अधिकारी एसएस खंडारे को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का पुलिस प्रमुख नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति 31 अक्टूबर से प्रभावी होगी। उसी दिन नया केंद्र शासित प्रदेश अस्तित्व में आएगा। लेह में गुरूवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आरके माथुर को लद्दाख के पहले उप राज्यपाल पद की शपथ दिलाई जाएगी।

मालेगांव विस्फोट मामले के आरोपी को पुलिस सुरक्षा मिली

पुणे, 30 अक्तूबर (भाषा)।

महाराष्ट्र के मालेगांव में 2008 में हुए विस्फोट मामले के आरोपी समीर कुलकर्णी को उनके आवास पर सुरक्षा के लिए बुधवार को सशस्त्र पुलिस गार्ड मुहैया कराया गया।

जमानत पर बाहर चल रहे कुलकर्णी ने बताया कि उन्होंने सुरक्षा मांगते हुए इस साल मई में राज्य सरकार को पत्र लिखा था लेकिन शायद लखनऊ में पूर्व हिंदू महासभा नेता कमलेश तिवारी की हत्या के बाद अब सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है।

पुणे के चिंचवड इलाके में रहने वाले कुलकर्णी ने कहा, 'मुझे केवल एक पत्र मिला कि मेरी अर्जी मिल गई है, इसके अलावा मुझे सुरक्षा मांगने के बाद राज्य सरकार से कोई पत्र नहीं मिला।' उन्होंने बताया कि मंगलवार को उन्हें पिंपरी चिंचवड पुलिस की ओर से फोन आया जिसमें बताया गया कि कांस्टेबल रैंक का सशस्त्र गार्ड मुहैया कराया गया है।

कुलकर्णी ने यह भी कहा कि उन्हें शायद इसलिए सुरक्षा दी गई होगी कि वह मालेगांव विस्फोट में आरोपी हैं जो एक संवदेनशील मामला है।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा मांगते हुए उन्होंने सरकार को बताया था कि वह पुलिस सुरक्षा का खर्च वहन नहीं कर पाएंगे और सरकार को ही इसका खर्च उठाना होगा। उन्होंने कहा कि मालेगांव विस्फोट मामले में आरोपी भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को भी सुरक्षा मुहैया कराई गई है।

भारत व रूस ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का संकल्प लिया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

आतंकवादियों की सभी सुरक्षित पनाहगाहों को खत्म करने की जरूरत पर जोर देते हुए भारत और रूस ने आतंकवादियों एवं आतंकी संगठनों के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करने की बुधवार को अपील की। दोनों देशों ने यहां आतंकवाद रोधी कदमों पर भारत-रूस संयुक्त कार्यकारी समूह की 11 वीं बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी कर इस बात पर जोर दिया।

बैठक में भारत की ओर से विजय ठाकुर सिंह ने नेतृत्व किया, जो विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) हैं। वहीं, रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उप विदेश मंत्री ओलेग वी सयरोमोलोतोव ने किया। दोनों देश इस बात पर सहमत हुए कि आतंकवाद से लड़ने के लिए और आतंकवाद को मुहैया किए जाने वाले धन पर रोक लगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स, वित्तीय कार्रवाई कार्यबल तथा शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सहित बहुपक्षीय मंचों पर संयुक्त कोशिश की जानी चाहिए। भारत और रूस ने हर तरह के आतंकवाद की निंदा की। दोनों देशों ने आतंकवाद से व्यापक रूप से एवं सतत तरीके से बगैर किसी दोहरे मापदंड के मजबूती से लड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया।

अपना कार्यकाल पूरा करूंगा : येदियुरप्पा

बंगलुरु, 30 अक्तूबर (भाषा)।

कर्नाटक में बीएस येदियुरप्पा नीत भाजपा सरकार दो नवंबर को सत्ता में 100 दिन पूरा करने वाली है और राज्य के मुख्यमंत्री ने बुधवार को विश्वास जताया कि वह अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। येदियुरप्पा ने इससे इनकार किया कि पार्टी आलाकमान उन पर नियंत्रण का प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें खुली छूट मिली हुई है।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, 'मैंने 100 दिन प्रशासन कैसे चलाया है, मुझे किन मुद्दों का सामना करना पड़ा है, मुझसे बेहतर आप जानते हैं। यह मुख्यमंत्री और किसी भी नेता की जिम्मेदारी होती है कि वह इन सबके बीच प्रशासन चलाए। मैं अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा हूं। मैं सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास कर रहा हूं, वह चाहे सत्तापक्ष हो या विपक्ष।'

उन्होंने विश्वास जताया कि वह अपने प्रयासों में 100 फीसद सफल होंगे। उन्होंने कहा, 'मैं अपने बाकी बचे साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा करूंगा। मुझे इसको लेकर विश्वास है। मैं आपको केवल यही बता सकता हूं कि केंद्रीय नेताओं को मुझ पर विश्वास है और मुझे इसीलिए राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया।' उन्होंने कहा कि उन्हें भरोसा है कि उन्हें पार्टी के सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं की ओर से कार्यकाल पूरा करने के लिए पूरा सहयोग मिलेगा।

येदियुरप्पा प्रेस क्लब आफ बंगलुरु एंड रिपोर्टर्स गिल्ड द्वारा आयोजित 'प्रेस से मिलिये' कार्यक्रम में इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि प्राकृतिक आपदाओं और पार्टी के भीतर दिक्कतों के चलते सत्ता में उनके 100 दिन 'खुशी भरे' नहीं रहे और पार्टी आलाकमान उन्हें 'नियंत्रित करने' का प्रयास कर रहा है।

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
भारत सरकार

भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत का उत्सव

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

एक भारत श्रेष्ठ भारत पर्व–2019

31 अक्टूबर–3 नवंबर 2019

समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

स्थान इंडिया गेट लॉन नं. 6 नई दिल्ली

देश के 1227 केंद्रीय विद्यालयों से चयनित 2300 से अधिक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

उद्घाटन
मुख्य अतिथि
रमेश पोखरियाल 'निशंक'
मानव संसाधन विकास मंत्री,
भारत सरकार
दिनांक 31 अक्टूबर 2019,
बृहस्पतिवार - अपराह्न 02:00 बजे

विशिष्ट अतिथि
संजय शामराव धोत्रे
मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री,
भारत सरकार

पर्व के कार्यक्रम

एक भारत श्रेष्ठ भारत
सांस्कृतिक शोभायात्रा
समूह गान (राज्य एवं अंतर्राष्ट्रीय)
समूह नृत्य (राज्य एवं अंतर्राष्ट्रीय)
थिएटर
स्पॉट पेंटिंग
एकल गायन, एकल वादन
कलाकृतियों का प्रदर्शन
लिटफेस्ट
वाद–विवाद
प्रश्नोत्तरी
संस्कृत श्लोक वाचन
हिंदी काव्यपाठ
अंग्रेजी वक्तृत्व
सृजनात्मक लेखन
स्पेल बी
संगीत कला संगम
(शिक्षकों के द्वारा)



सभी सादर आमंत्रित हैं।

प्रवेश वैध पहचान पत्र के साथ : www.kvsangathan.nic.in @KVSHQ @KVS_HQ

जनसत्ता

निवेश के रास्ते

भारत ने सऊदी अरब की कंपनियों को ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने और नए उद्योगों (स्टार्टअप) में पूंजी लगाने का जो न्योता दिया है, वह निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक और कूटनीतिक रिश्तों का संकेत है। अगर इस तरह की पहल कामयाब होती है और सऊदी अरब की कंपनियां भारत में निवेश करती हैं तो भारत के ऊर्जा क्षेत्र का विकास होगा और अर्थव्यवस्था भी जोर पकड़ेगी। इन दिनों सऊदी अरब की राजधानी रियाद में चल रहे निवेशक सम्मेलन में दुनियाभर के निवेशक पहुंचे हैं। भारत में पिछले कई महीनों से अर्थव्यवस्था में मंदी का जो माहौल बना हुआ है, उसका एक बड़ा कारण निवेश नहीं आना भी रहा है। ऐसे में बाहर से निवेश का आना अर्थव्यवस्था की बड़ी जरूरत भी है। सऊदी अरब ने भारत में सौ अरब डॉलर के निवेश के संकेत भी दिए हैं। इसके अलावा भारतीय कंपनियां भी सऊदी अरब की कई बड़ी परियोजनाओं में अपनी भागीदारी बढ़ा रही हैं। दोनों देशों के बीच सालाना कारोबार साढ़े सत्ताईस अरब डॉलर से ज्यादा पहुंच गया है। इस लिहाज से भी भारत के लिए सऊदी अरब एक बड़े व्यापारिक साझीदार के रूप में सामने आया है।

अब तक माना जाता था कि सऊदी अरब के संबंध भारत के मुकाबले पाकिस्तान के साथ ज्यादा मजबूत हैं और वक्त पड़ने पर वह पाकिस्तान का साथ देता रहा है। इस्लामिक देशों के संगठन ओआइसी में भी सऊदी अरब का दबदबा है। लेकिन पिछले कुछ सालों में हालात बदले हैं और सऊदी अरब ने दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव का लोहा माना है। भारत ने 2008 में 'लुक ईस्ट' की जो नीति शुरू की थी, उसका असर अब साफ दिख रहा है। इसी का नतीजा है कि दोनों देशों के बीच कारोबारी रिश्तों के साथ-साथ कूटनीतिक रिश्तों का भी दौर शुरू हुआ। मुसलिम देशों के बीच भारत की पैठ बनाने में सऊदी अरब की बड़ी भूमिका रही। सऊदी अरब इस बात को अच्छी तरह जानता-समझता है कि भारत लंबे समय से आतंकवाद की मार झेल रहा है और इसमें उसके पड़ोसी देश पाकिस्तान की क्या भूमिका है। इसलिए भारत और सऊदी अरब दोनों ने ही समय-समय पर आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई है और इस समस्या से मिल कर लड़ने और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए समझौते किए, जिनमें आतंक के खिलाफ सूचनाओं के आदान-प्रदान जैसे समझौते भी शामिल हैं। बड़ी बात यह है कि कश्मीर के मुद्दे पर सऊदी अरब ने कभी भी पाकिस्तान का समर्थन नहीं किया है। ऐसे में सऊदी अरब और भारत के बीच अगर कारोबारी रिश्तों को नया आयाम और विस्तार मिलता है तो यह दोनों देशों के लिए स्वर्णिम मौका होगा।

अरब जगत में सऊदी अरब ऐसा देश है जहां लाखों भारतीय कामगार हैं और ये न सिर्फ सऊदी अरब के विकास की रीढ़ साबित हुए हैं, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था में भी बड़ा योगदान दे रहे हैं। इनसे भारत को ग्यारह अरब डॉलर सालाना से ज्यादा की विदेशी मुद्रा मिलती है। भारत सऊदी अरब से बाईस अरब डॉलर सालाना के पेट्रोलियम उत्पाद खरीदता है। भारत के लिए सऊदी अरब इसलिए भी अहम है कि इराक के बाद सबसे ज्यादा कच्चा तेल उसी से मिलता है। ऐसे में सऊदी कंपनियों के लिए भारत निवेश का बड़ा ठिकाना बन सकता है। नए उद्योगों को भी निवेशकों की दरकार है। हालांकि निवेश करने वाली कंपनियां संबंधित देश से अपने लिए अच्छे कारोबारी माहौल और कर रियायतों की उम्मीदें करती हैं। पिछले कुछ समय में कारोबारी सुगमता के मामले में भी भारत की वैश्विक रैंकिंग सुधरी है। इससे भी निवेशकों में भारत के प्रति भरोसा पैदा होगा।

लापरवाही का प्रदूषण

जिस समय समूचे देश और खासकर राजधानी दिल्ली में जहरीली होती हवा एक गहरी चिंता का विषय है, उसमें अगर कचरे के पहाड़ से फैलते प्रदूषण की खबरें आती हैं तो स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठता है कि क्या सरकार इस समस्या से निपटने के प्रति ईमानदार है! गौरतलब है कि पिछले काफी दिनों से दिल्ली के भलस्वा डेरी इलाके में कचरे के पहाड़ से फैलते प्रदूषण को लेकर चिंता जताई जा रही है। फिर ओखला और गाजीपुर में भी हालत इससे अलग नहीं है। लेकिन इस ओर सरकार को ध्यान देना शायद जरूरी नहीं लग रहा है। नतीजतन, पहले ही धुएं और धुंध की चादर में लिपटी दिल्ली में दम घुटने की स्थिति पैदा हो रही है। भलस्वा डेरी में मौजूद कचरे के पहाड़ से उपजी समस्या कोई नई नहीं है। हालत यह है कि इसमें कई बार लगी आग की वजह से आसपास के इलाकों में लोगों का सहजता से सांस लेना तक दूभर होता रहा है। जब भी समस्या गहरा कर किसी तरह सुर्खियों में आ जाती है तब सरकार की ओर से इस तरह के आश्वासन जारी किए जाते हैं कि जल्दी ही कचरे के ढेर से निपटान के इंतजाम किए जाएंगे। लेकिन कुछ दिनों बाद फिर सभी आश्वासनों को शायद भुला दिया जाता है।

सरकार और संबंधित महकमों की ऐसी ही लापरवाही और अनदेखी का नतीजा है कि कचरे के ये पहाड़ आज राजधानी की बड़ी समस्या बन चुके हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भलस्वा डेरी के पास करीब सत्तर एकड़ में कचरा और मलबा डालने के जारी क्रम की वजह से इसकी ऊंचाई आज सतह से बासठ मीटर ऊपर हो चुकी है। करीब अस्सी लाख टन कूड़े का बोझ बन चुके इस पहाड़ पर सड़ते हुए कचरे से जिस तरह का प्रदूषण फैल रहा है, उसके प्रति आंखें मूंद लेने के रवैये ने आज हालत यह कर दी है कि उस समूचे इलाके में स्थित कई कॉलोनियों में रहने वाले लोगों में सांस फूलने, टीबी, एलर्जी, दूषित पानी की वजह से पेट के रोगों सहित कई गंभीर बीमारियां जड़ पकड़ रही हैं। सवाल है कि प्रदूषण से लड़ने के लिए ऑड-इवन सहित दूसरे तमाम इंतजामों की घोषणा करती सरकार की नजर में क्या कचरे के पहाड़ से फैलते प्रदूषण से उपजी समस्या की कोई जगह है? मुश्किल यह है कि कई बार अदालती निर्देशों के बावजूद इसके हल के लिए कोई ठोस पहलकदमी अब तक नहीं हो सकी है।

सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले साल दिल्ली में ठोस कचरे को बेहद गंभीर समस्या बताया था और यहां के उपराज्यपाल को इससे निपटने के लिए विशेषज्ञों, सिविल सोसायटी के सदस्यों और आवासीय संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल करके एक समिति बनाने के लिए कहा था। इसके अलावा, करीब एक सौ अस्सी करोड़ रुपए खर्च कर भलस्वा कचरा पट्टी को दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित नजीदों कचरा पट्टी की तर्ज पर संवारने की योजना है। लेकिन आज दिल्ली में प्रदूषण के गंभीर हालत में पहुंच जाने के बाद यह कहना मुश्किल है कि अदालत के निर्देशों सहित बाकी योजनाओं पर कितना अमल हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि उचित निपटान की व्यवस्था हो तो पचास फीसद कचरे को कम्पोस्ट खाद में बदला जा सकता है। इसके अलावा, तीस फीसद कचरे का पुनर्चक्रण भी किया जा सकता है। इसका मतलब यह हुआ कि कचरा निपटान केंद्रों तक केवल बीस फीसद कचरा पहुंचेगा। सवाल है कि राजधानी में भलस्वा, ओखला और गाजीपुर में कचरे के पहाड़ की ऊंचाई के लगातार बढ़ने के क्रम में इस तरह के उपायों पर कितना गौर किया गया?

कल्पमेधा

अगर सूरज की तरह चमकना है तो सूरज की तरह तपना भी पड़ेगा।
-एपीजे अब्दुल कलाम

आर्थिक भेदभाव से जूझता समाज

ज्योति सिडाना

यह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है कि भारत एक कल्याणकारी राज्य की छवि के बावजूद निर्धन जनसंख्या को न्यूनतम आवश्यकता की पूर्ति के लिए संसाधन उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। इस कारण अगर अनेक परिवार जीविका, स्वास्थ्य, भुखमरी, कुपोषण से संघर्ष करने में असफल हो रहे हैं तो उनके सामने सामूहिक आत्महत्या, हत्या अथवा अन्य अपराध जैसे विकल्प उभर कर आ सकते हैं।

मनुष्य को जीवन संचालन के लिए कई प्रकार के संसाधनों की आवश्यकता पड़ती है। इन संसाधनों की अनुपलब्धता या कमी निर्धनता को व्यक्त करती है। कुछ समाज विज्ञानी केवल भौतिक संसाधनों की कमी को निर्धनता का आधार मानते हैं, जबकि कुछ शैक्षणिक अवसरों की अनुपलब्धता, कार्य स्थितियों में कमी, शक्तिहीनता और सामाजिक बहिष्कार को भी निर्धनता के साथ जोड़ कर देखते हैं। ये वे पक्ष हैं जो समाज की इकाइयों को अनेक गतिविधियों में सहभागिता न करने के लिए बाध्य करते हैं। वैश्वीकरण की प्रक्रिया के उपरांत तो निर्धनता की दर में तेजी से वृद्धि हुई है। ब्रिटिश समाज विज्ञानी राल्फ मिलिबेंड तर्क देते हैं कि निर्धनता को असमानता की संरचना के साथ देखे जाने की जरूरत है। जैसे-जैसे निर्धनता का विस्तार होता है, समाज में असमानता और अधिक जटिल होती जाती है।

हाल में भुखमरी का सामना कर रहे एक सौ सत्रह देशों के संदर्भ में वैश्विक भुखमरी सूचकांक की रिपोर्ट आई है। इस सूची में भारत का स्थान एक सौ दो वां है, जबकि पाकिस्तान चौरानबेवें, बांग्लादेश अट्ठासीवें, नेपाल तिहत्तरवें और श्रीलंका छियासठवें स्थान पर है। वर्ष 2017 में भारत एक सौ उन्नीस देशों की सूची में सौवें स्थान पर था और 2018 में एक सौ तीनवें स्थान पर। यदि 2014 के आंकड़ों से तुलना करें तो तब भारत पचपनवें स्थान पर था। इन आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि देश में भुखमरी की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है, अपितु भारत अपने पड़ोसी देशों से भी खराब स्थिति में आ गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के पहले राष्ट्रीय पोषण सर्वे के अनुसार देश में दस से उन्नीस साल आयु वर्ग के चार बच्चों में से एक बच्चा कुपोषित है।

महात्मा गांधी ने राष्ट्र के विकास में प्रत्येक निर्धन इकाई की सहभागिता को पर्याप्त महत्त्व दिया था, ताकि वह निर्धनता, बेकारी और भुखमरी से मुकाबला करने के तरीके खुद खोज सके। परंतु वर्तमान उपभोक्तावादी और नव-उदारवादी समाज में धनाढ्य और निर्धन वर्ग में बढ़ती खाई ने अनेक समस्यामूलक स्थितियों को उत्पन्न कर दिया है, जिसने निम्न एवं मध्य वर्ग के समक्ष अस्तित्व की निरंतरता को एक चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया है। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है कि भारत एक कल्याणकारी राज्य की छवि के बावजूद निर्धन जनसंख्या को न्यूनतम आवश्यकता की पूर्ति के लिए संसाधन उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। इस कारण अगर अनेक परिवार जीविका, स्वास्थ्य, भुखमरी, कुपोषण से संघर्ष करने में असफल हो रहे हैं तो उनके सामने सामूहिक आत्महत्या, हत्या अथवा अन्य अपराध जैसे विकल्प उभर कर आ सकते हैं।

गरीबी के पैमाने का निर्धारण करने के लिए रंगराजन कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में ग्रामीण और शहरी निर्धनता के लिए क्रमशः बत्तीस और सैंतालीस रुपए प्रतिदिन व्यय का मानक तय किया था। जबकि अर्जुन सेनगुप्ता कमेटी ने यह राशि बीस रुपए प्रतिदिन तय की थी। ये रिपोर्टें चाहे कितनी ही विवादास्पद हों, पर इस तथ्य को स्थापित करती हैं कि देश की जनसंख्या का लगभग पैंतीस फीसद भाग गरीबी की सीमा रेखा के नीचे जीवनयापन करने के लिए मजबूर हैं। वैश्वीकरण के फलस्वरूप विस्तार ले रही निर्धनता इस समय सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण सवाल है। इस पैंतीस फीसद आबादी और फिर निर्धनता की सीमा के इर्दगिर्द वाली आबादी से संबद्ध युवा लगभग सभी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। परिणामस्वरूप विकास प्रक्रिया में इस आबादी की सहभागिता का सवाल हाशिये पर चला जाता है। यह आर्थिक विषमता अनेक बुनियादी सवालों को जन्म देती है।

वैश्विक भुखमरी सूचकांक में कुपोषण, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की लंबाई औसत से कम होना, पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों का वजन औसत से कम होना और पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु होना जैसे चार प्रमुख संकेतकों को आधार बनाया गया है। इन चार संकेतकों में से बच्चों का कम वजन होना भारत का सूची में निम्न स्थान पर आने का एक सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कारण माना गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों का वजन औसत से बहुत कम निकला है, जो चिंता का विषय है क्योंकि बच्चे देश का भविष्य हैं जो स्वयं स्वस्थ नहीं रहेंगे एक स्वस्थ देश का निर्माण कैसे कर पाएंगे?

विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम) द्वारा हाल में जारी वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक में भारत को इस साल एक सौ इकतालीस देशों की सूची में अड़सठवें पायदान पर रखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत सूचना एवं प्रौद्योगिकी को अपनाने में सुस्त रहने, स्वास्थ्य चिकित्सा क्षेत्र में खराब स्थिति होने और स्वस्थ जीवन की खराब संभावनाओं के कारण पिछड़ गया। यहां तक कि स्वस्थ जीवन की संभावना में तो भारत का स्थान एक सौ नौ वां रहा, लैंगिक असमानता में भारत एक सौ अट्ठाईस वें स्थान पर रहा और सबसे बड़ी बात तो ये कि विश्व शांति सूचकांक (ग्लोबल पीस इंडेक्स) में पिछले वर्ष की तुलना में भारत पांच स्थान नीचे गिर कर एक सौ इकतालीसवें स्थान पर आ गया। आज आवश्यकता है इन सब आंकड़ों को ध्यान में रख कर चिंतन करने की, ताकि समय रहते विकास के समावेशी प्रारूप को मूर्त रूप दिया जा सके।

इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि चिकित्सा सेवाएं भारत वर्ष में कारपोरेट बाजार का हिस्सा बनती जा रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के व्यवसायीकरण ने डॉक्टर-रोगी के मध्य सबंधों पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। अधिकांशतः ऐसा देखा जाता है कि सरकारी अस्पतालों में जांच उपकरण खराब पड़े होने या आधुनिक उपकरण न होने के कारण रोगी को संबंधित जांच प्राइवेट केंद्रों पर करवाने के लिए बाध्य होना पड़ता है और निर्धनता की वजह से वे स्वास्थ्य लाभ से वंचित रह जाते हैं। अधिकांश निर्धन महिलाओं के प्रसव तो अस्पतालों के बाहर या बीच सड़क पर ही हो जाते हैं। ऐसे में मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर के औसत से अधिक होने की संभावना से कैसे इंकार किया जा सकता है?

इसे विरोधाभास ही कहा जाएगा कि एक तरफ आबादी का एक हिस्सा अपनी झूठी प्रतिष्ठा के लिए वैवाहिक समारोहों एवं अन्य समारोहों में खाने की बर्बादी करता है, वहीं दूसरी तरफ भारत कुपोषण, एनीमिया, भुखमरी के कारण दुनिया के पैमाने पर शर्मनाक स्थिति में है। यह विकास की कैसी तस्वीर है जो एक तरफ यह स्थापित करती है कि भारत तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्थाओं में उच्च स्थान पर पहुंच गया है और दूसरी तरफ गरीबी, भुखमरी, कुपोषण, खुशहाली, बेरोजगारी और मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से निम्न स्थान पर खड़ा नजर आता है। एक तरफ ऐसा वर्ग है जो धनाढ्यों के क्रम में सर्वोच्च स्थान पाने, सर्वाधिक शक्तिशाली बनने और लोकप्रिय होने जैसी आकांक्षाओं से घिरा है और दूसरी तरफ एक ऐसा वर्ग भी है जिसके सामने अस्तित्व बचाने का संकट गहराता जा रहा है।

कहते हैं कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है, तो फिर अगर किसी देश के अधिकांश नागरिकों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ही संकट का सामना कर रहा हो या चुनौती प्राप्त कर रहा हो तो उस देश का विकास संदेहास्पद हो जाता है। ऐसा नहीं है कि विकास नहीं हुआ या नहीं हो रहा है, अपितु सवाल यह है कि यह किस तरह का विकास है जो एक ही देश में एक ही समय में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तस्वीरों को एक साथ दिखा रहा है। जबकि विकास का वास्तविक अर्थ संसाधनों का तर्कसंगत विभाजन और विस्तार है, ताकि नागरिक अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।

जीवन की खातिर

हेमंत कुमार पारीक

दिल्ली में मेट्रो चली तो उसका जोरशोर से स्वागत हुआ था। इसलिए भी कि दिल्ली की जनसंख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है और नतीजतन, आवागमन के साधन अपर्याप्त हो गए थे। शहर की जरूरत के मुताबिक सार्वजनिक परिवहन की काफी कमी थी। दिल्ली परिवहन निगम की बसें जनसंख्या का बोझ नहीं उठा पा रही थीं। आज देश के दूसरे शहरों और यहां तक कि राज्यों की राजधानियों का भी यही हाल है। रोजगार की तलाश में लोग हर रोज गांवों से पलायन कर शहर की तरफ आ रहे हैं। जनसंख्या का दबाव बढ़ता जा रहा है। इसी वजह से आवागमन के नए-नए साधनों के विकास पर सरकार का ध्यान जा रहा है। लेकिन इसी क्रम में हरे-भरे पेड़ों को बेदर्दी से काटा जा रहा है। जनहित की आड़ में घने जंगलों की बलि दी जा रही है और जंगल मैदानों में तब्दील हो रहे हैं।

मुंबई की लोकल ट्रेन कई सालों से आबादी के इस बोझ से जूझ रही है। इसी प्रकार, कोलकाता की ट्रामें भी सालों से अपना कार्य सुचारु रूप से कर रही हैं। लेकिन जब दिल्ली की मेट्रो राजनीति के गलियारों में 'दूध देती गाय' नजर आई, तभी से बिना सोचे समझे, पर्यावरण की हानि का जायजा लिए बगैर मेट्रो प्रोजेक्ट को देश के दूसरे राज्यों, शहरों और राज्यों की राजधानियों में हरी झंडी दिखाई जाने लगी है। इसी के चलते जयपुर और लखनऊ में मेट्रो का पदार्पण हुआ। मुंबई में मेट्रो परियोजना काम कर रही है। इसी परियोजना के चलते आरे कॉलोनी सुर्खियों में आई। वहां करीब दो-तीन हजार पेड़ों की बलि दी जाने वाली थी। लेकिन वहां की पर्यावरण प्रेमी जागरूक जनता को समझ में आया तो चारों तरफ से आवाज उठने लगी। कई समाजसेवी संस्थाएं और फिल्मी हस्तियां आगे आईं और विरोध में उठ खड़ी हुईं। एक जागरूक समाज अपने वर्तमान के साथ-साथ अपने भविष्य के लिए भी जतन करता है।

दुनिया मेरे आगे

हाल ही में स्वीडन की एक लड़की ग्रेटा थनबर्ग की ऐसी ही आवाज दुनिया की संसद में सुनाई दी है। उसने दुनिया भर के बड़े-बड़े राजनेताओं को चेतावनी दे डाली। पर्यावरण प्रेमी एक लड़की की आवाज पूरी दुनिया ने सुनी।

कुछ ही दिनों पहले पर्यावरण को प्रभावित करने वाली दो बड़ी घटनाएं हुई हैं। पहली, अमेजन के जंगलों में लगी आग और दूसरी अंटार्कटिका के पिघलते हिमखंड। इन दोनों घटनाओं ने दुनिया का ध्यान खींचा है। अमेजन के जंगलों को 'कार्बन सिंक' कहा जाता है। ये जंगल बहुत घने हैं। विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु यहां पाए जाते हैं और दुनिया भर की उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड को ये वन सोख लेते हैं। यानी एक तरह से ये ओजोन परत को कार्बन डाइऑक्साइड से बचाने का महत्त्वपूर्ण काम करते हैं। इस कारण दुनियाभर के देशों के राजनीतिकों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। चूंकि अमेजन के जंगलों में लगी आग समूची दुनिया पर असर डालने वाली घटना है, इसीलिए सभी ने मिल कर आग पर काबू पाने के लिए अपने-अपने प्रस्ताव रखे। यह चिंता सकारात्मक है और पृथ्वी को बचाने के लिहाज से जरूरी है।

पर्यावरण से जुड़ी दूसरी घटना है दक्षिणी ध्रुव के बर्फीले अंटार्कटिका में एक विशाल हिमखंड का टूट जाना। पिछले पचास वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ है। हालांकि वैज्ञानिक 'लूज-टूथ' नाम के हिमखंड के पिघलने की चेतावनी पिछले कई सालों से दे रहे थे, पर यह दूसरा हिस्सा था, जिसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। यह छोटा-मोटा हिमखंड नहीं था, बल्कि इतना विशाल था कि इसमें पूरी दिल्ली समा जाती। यही नहीं, इसके आकार के लिहाज से देखें तो इसमें दिल्ली से सटे गाजियाबाद और मथुरा भी निपट जाते। ये चेतावनियां हैं प्रकृति की, दुनिया में बढ़ते तापमान के लिए। अगर हम अब भी नहीं संभले और इसी गति से हिमखंड पिघलते रहे तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिर क्या होगा? इसका सीधा असर समुद्र के जलस्तर पर पड़ेगा। जलस्तर बढ़ेगा और फिर बड़े-बड़े भूखंड देखते ही देखते समुद्र में विलीन हो जाएंगे।

इस वर्ष इतनी बारिश हमारे देश में हुई कि उसने पिछले सौ वर्षों में हुई बारिश के रिकार्ड तोड़ दिए। मानसून आया, पर जाने का नाम नहीं ले रहा था, जबकि इसकी अवधि कब की समाप्त हो चुकी थी। बाढ़ ने उग्र रूप दिखाया, नतीजतन पटना जैसे शहर जलमग्न रहे। लोग हाल-बेहाल हुए। जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। घर और बाजारों में नदी-नाले बह निकले। सड़कों पर नावें चलने लगीं। ऐसे में स्वीडन की उस लड़की ग्रेटा की चेतावनी पर ध्यान देने की जरूरत है। हर आदमी को पर्यावरण के विषय में सोचने की जरूरत है। जागरूक होने का वक्त है। जिस तरह आरे कॉलोनी के लिए आम लोगों के साथ-साथ बॉलीवुड के सितारे पर्यावरण बचाने के पक्ष में सड़कों पर उतर आए थे, हमें भी पर्यावरण के संबंध में ग्रेटा के साथ खड़ा होना चाहिए, वरना आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

गांधी का रास्ता

प्रधानमंत्री ने आह्वान किया है कि गांधीजी के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए सिने जगत आगे आए और उसे गांधीजी के विचारों पर आधारित फिल्में बनानी चाहिए। हमारा मानना है कि आम जनता को गांधीजी के विचारों को समझने से ज्यादा जरूरी है कि राजनीति से जुड़े लोग गांधीजी के विचारों समझें और उनका अनुसरण करें। इस संदर्भ में गांधीजी का जो विचार सबसे ज्यादा प्रासंगिक है वह है 'राजनीति का अध्यात्मीकरण'।

वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था में फैली बुराइयों को समाप्त करने का सबसे प्रभावी गांधीवादी विचार है- राजनीति का अध्यात्मीकरण। वर्तमान राजनीति की बुराइयों जैसे भ्रष्टाचार, जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, सांप्रदायिकता, अवसरवाद आदि को समाप्त करके उनके स्थान पर राष्ट्रवाद, धर्मनिरपेक्षता, सर्वोदय, सत्य, अहिंसा, नैतिकता, परोपकार, सादगी, समर्पण, सेवाभाव, त्याग और बलिदान जैसे मूल्यों को राजनीति में शामिल करना ही राजनीति का अध्यात्मीकरण है।

प्राचीन भारतीय राजनीतिक विचारक कौटिल्य राजनीति को धर्म और नैतिकता से अलग करके देखते थे। उनका कहना था कि राष्ट्रीय उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए साम दाम दंड भेद किसी भी नीति का अनुसरण किया जा सकता है। अर्थात हमारा साध्य शुभ है तो साधनों की परवाह नहीं करनी चाहिए। कौटिल्य ने अपने अखंड भारत के सपने को साकार करने के लिए इसी मार्ग का अनुसरण किया। पाश्चात्य राजनीति में इन विचारों का प्रणेता मैकियावली को माना जाता है इसीलिए कौटिल्य को भारत का मैकियावली कहा जाता है।

लेकिन आधुनिक भारतीय चिंतक गांधीजी कौटिल्य और मैकियावली के विचारों के विपरीत विचार रखते हैं। गांधीजी का मानना था कि न केवल साध्य पवित्र होना चाहिए बल्कि साधन भी पवित्र होना चाहिए। इसीलिए गांधीजी ने स्वतंत्रता के लिए हिंसक मार्ग का समर्थन न करके सत्याग्रह, असहयोग, सविनय अवज्ञा, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चल कर आजादी प्राप्त करने की राह देशवासियों को दिखाई। गांधीजी के इन्हीं विचारों को राजनीति का अध्यात्मीकरण कहते हैं।

राज्य पृथ्वी पर ईश्वर का प्रतिनिधि है। राज्य को केवल ईश्वर की इच्छा का क्रियान्वयन करना चाहिए अर्थात कोई भी कानून बनाते समय विधायिका को इस बात पर विचार करना चाहिए कि क्या यह ईश्वर की इच्छा के अनुरूप है? यदि है, तो उसे कानून का रूप देना उचित होगा अन्यथा उसे पारित होने से विधायकों को रोकना होगा। इसी प्रकार कार्यपालिका के सदस्यों को ईश्वर के एजेंट के रूप में कार्य करना चाहिए। उनको सदैव इस बात पर विचार करते रहना होगा कि मेरी जगह यदि ईश्वर स्वयं होते तो वे क्या करते और अंतःप्रज्ञा की आवाज के अनुसार कार्य करना चाहिए क्योंकि अंतःप्रज्ञा की आवाज ईश्वर की आवाज मानी जाती है। इसी प्रकार न्यायपालिका को भी विधिक न्याय के स्थान पर सामाजिक एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए न्याय करना चाहिए।

● *अरविंद सिंह, नई दिल्ली*

दर्द से बेखबर

महाराष्ट्र सहकारी बैंक घोटाले के कारण उसके ग्राहकों को न केवल भारी परेशानी उठानी पड़ रही है, बल्कि तीन ग्राहकों की सदमे के कारण मौत भी हो चुकी है। किसी भी लोकतंत्र में जनता का दर्द सरकार का दर्द होता है क्योंकि जनता के वोटों से ही सरकार बनती है। लेकिन हमारे लोकतंत्र का क्रूर मजाक है कि वोट लेने के बाद जनप्रतिनिधि जनता के दर्द को समझने के बजाय उसकी अनदेखी करते रहते हैं। उन्हें जनता के दर्द को अपना दर्द समझना होगा। जनता के हित में ऐसे सभी विधायिका को इस बात पर विचार करना चाहिए कि क्या यह ईश्वर की इच्छा के अनुरूप है? यदि है, तो उसे कानून का रूप देना उचित होगा अन्यथा उसे पारित होने से विधायकों को रोकना होगा। इसी प्रकार कार्यपालिका के सदस्यों को ईश्वर के एजेंट के रूप में कार्य करना चाहिए। उनको सदैव इस बात पर विचार करते रहना होगा कि मेरी जगह यदि ईश्वर स्वयं होते तो वे क्या करते और अंतःप्रज्ञा की आवाज के अनुसार कार्य करना चाहिए क्योंकि अंतःप्रज्ञा की आवाज ईश्वर की आवाज मानी जाती है। इसी प्रकार न्यायपालिका को भी विधिक न्याय के स्थान पर सामाजिक एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए न्याय करना चाहिए।

● *हेमा हरि उपाध्याय अक्षत, खाचरोद, उज्जैन*



किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

आतंक के खिलाफ

संपादकीय 'बगदादी का अंत' (29 अक्तूबर) पढ़ा। एक बड़े आतंकवादी के मरने पर आम तौर पर पूरी दुनिया यह मन लेती है की हमें आतंक के खिलाफ जंग में एक बड़ी कामयाबी मिल गई और यह लड़ाई एक निर्णायक दौर में पहुंच गई। मगर ऐसा होता नहीं है। आइएसआइएस के सरगना अबु बकर अल-बगदादी की मौत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ी उपलब्धि जरूर है मगर बगदादी के मरने से वैश्विक आतंकवाद के काम होने की कोई संभावना नहीं है। इतिहास गवाह है कि उसामा बिन लादेन की मौत के बाद भी न आतंकवाद कम हुआ न आतंकी संगठन कमजोर पड़े। उलटे बगदादी और आइएसआइएस उसामा और अल कायदा से ज्यादा खतरनाक साबित हुए। इससे लगता है कि भविष्य का आतंकवाद और क्रूर और खतरनाक होगा क्योंकि इसका दायरा साल दर साल बढ़ता जा रहा है।

ज्यादातर वैश्विक आतंकी संगठनों को अलग-अलग देशों ने अपने-अपने फायदे के लिए पाला-पोसा और इन्हें अत्याधुनिक हथियार और तकनीकें मुहैया कराईं। दरअसल, आतंकी सरगनाओं को मारने से कहीं ज्यादा जरूरी है आतंकवाद को स्थायी रूप से खत्म करना, और यह तभी होगा जब तमाम देश आतंकवादियों और उनके संगठनों को तकनीकी, आर्थिक और राजनीतिक मदद बंद कर देंगे।

● *बृजेश माथुर, बृज विहार, गाजियाबाद*

पराली और प्रदूषण

आखिर जिस बात का डर था वही हुआ। सरकार के कई कदम उठाने के बावजूद किसानों ने पराली जलाने से कोई परहेज नहीं किया। इसका नतीजा हम वायु प्रदूषण सूचकांक में देख सकते हैं जिसमें मंडी गोबिंदगढ़, जालंधर और लुधियाना जैसे शहरों की हवा सबसे प्रदूषित पाई गई है। इस हालत के लिए जिम्मेदार सिर्फ सरकार नहीं है क्योंकि उसने तो किसानों को बेहद सख्त तरीके से समझाया पर किसान हैं कि माने नहीं। यह जानकर भी कि पराली जलाने का असर हमारे पर्यावरण पर पड़ेगा, वे नहीं रुके और अपनी जिद पर अड़े रहे। अब सरकार की प्रदूषित वायु को शुद्ध करने की चिंता दीवाली के पटाखों पर रुकेगी। पर क्या सिर्फ पटाखों को रोकने या उन्हें फोड़ने का समय तय कर देने भर से वायु को साफ किया जा सकता है? 365 दिन की समस्या को सिर्फ एक दिन के प्रतिबंध से काबू नहीं किया जा सकता है इसलिए सरकार को ऐसा हल ढूंढ़ना चाहिए जो लंबे सफर का साथी हो।

● *जानवी बिट्टल, जालंधर*

epaper.jansatta.com

खेल कार्यक्रम

नवंबर 2-17 :	बेसबॉल डब्लूबीएससी प्रीमियर12
नवंबर 5 :	हॉर्स रेसिंग मेलबर्न कप
नवंबर 7-15 :	पारा एथलेटिक विश्व चैंपियनशिप, दुबई
नवंबर 11-17 :	*टेनिस फाइनल्स, लंदन*

जन्मदिन

वीवीएस लक्ष्मण :	1 नवंबर
विराट कोहली ;	*5 नवंबर*
जो कोल :	8 नवंबर
रॉबिन उथप्पा :	11 नवंबर

बढ़ती उमर, बढ़ते खिताब

मनीष कुमार जोशी

दुनिया के महानतम खिलाड़ी रोजर फेडरर ने हाल ही में अपने घरेलू शहर में ऑस्ट्रेलिया के 20 वर्षीय एलेक्स डी माईनौर को सीधे सीधे सैटो में 6-2, 6-2 से हराकर अपना दसवां बासेल एटीपी खिताब जीत लिया। 38 वर्षीय फेडरर का यह 103 वां एटीपी खिताब है। वे सर्वाधिक 109 एटीपी खिताब से मात्र 6 कदम दूर हैं। टेनिस में जिस समय खिलाड़ी सन्यास लेकर कोच बन जाते हैं, उस समय फेडरर न केवल एटीपी रैंकिंग में टॉप 5 में है बल्कि लगातार खिताब जीत रहे हैं।

फेडरर की तुलना इस उम्र में भी फुटबॉल खिलाड़ी मैसी से हो रही है। टेनिस को किशोरवय खेल माना जाता है। किशोरवस्था निकलने के बाद खिलाड़ी टेनिस से अलग हो जाते हैं। टेनिस में किशोरवय खिलाड़ी ही अगुववाई करते हैं परन्तु फेडरर के समय में यह दौर बदला है। आज एटीपी रैंकिंग में टॉप तीन में 30 से ऊपर उम्र वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच (34) राफेल नडाल (34) और रोजर फेडरर (38) सभी टेनिस खेलने की मानक उम्र से अधिक हैं। दो साल पहले टॉप पांच में 30 की उम्र से ऊपर के खिलाड़ी थे। यह एक सोचनीय प्रश्न है कि जिस खेल को किशोर उम्र का खेल माना जाता है, उसमें लंबे समय से शीर्ष तीन में 30 से ऊपर के खिलाड़ी बने हुए हैं और लगातार खिताब जीत रहे हैं। एक दशक पहले ऐसा कोई सोच भी नहीं सकता था। आखिर क्या कारण है कि रोजर फेडरर, नडाल, जोकोविच, वारंविका जैसे खिलाड़ियों ने इस खेल में आदर्श उम्र के मानक को बदल दिया है?

एक दशक पहले तक टेनिस में ग्रैंड स्लेम जीतन वालों की उम्र 21,23,24 और 26 होती थी। बोरिस बेकर (17), माइकल चांग(17), ब्यॉन बोर्ग(18), राफेल नडाल (19) मेट्स विलेंडर (19) ने 20 से कम उम्र में ही ग्रैंड स्लेम खिताब जीत लिए थे। स्टीफन एडबर्ग, पीट सैम्प्रास, जिमी कॉनर्स, जिम कूरियर जैसे खिलाड़ी की सूची लंबी है जिन्होंने कम उम्र ही अपना पहला ग्रैंड स्लेम जीत लिया था। इनमें से कई खिलाड़ियों ने 30 की उम्र के बाद संन्यास ले लिया। जो 30 की उम्र के बाद खेलते रहे उनमें अधिकांश रैंकिंग में टॉप 5 में नहीं रह पाए। नडाल, जोकोविच और रोजर फेडरर ने इस तथ्य को बदला है। अब 30 के पार खिलाड़ी भी न केवल चैंपियन बनते हैं बल्कि अपनी रैंकिंग कायम रखते हैं। फेडरर का अभी भी तीसरी रैंकिंग पर बने रहना और युवा खिलाड़ी को आसानी से हरा देना टेनिस के बदलते युग की कहानी है। टेनिस में स्टेमिना के उस स्तर की जरूरत होती है जो केवल कि शोरवय खिलाड़ियों में ही मिलता है। टेनिस में लंबी रैलियां और कोर्ट में लगातार दौड़ते रहने के लिए बहुत ज्यादा दमखम की जरूरत होती है। 30 पार खिलाड़ी की मांसपेशियां उस स्तर पर नहीं होती हैं। हालांकि जिमी कॉनर्स, जॉन मैकेनरो और आन्द्रे अगासी ने 30 और 35 पार भी कोर्ट में अपने आपको बनाए रखा परन्तु इस समय टॉप पांच और टॉप तीन में बने हुए खिलाड़ियो की उम्र तीस से ऊपर होना टेनिस में आए बदलावों की ओर संकेत देते हैं।

आन्द्रे अगासी 33 साल की उम्र में नंबर वन की रैंकिंग में थे। अगासी जैसा खिलाड़ी एक दौर में एक ही होता था लेकिन एक साथ अधिक उम्र के खिलाड़ी टॉप पांच में पहली बार है और ऐसा लग रहा है कि अभी कुछ साल ये खिलाड़ी इस स्थिति को बरकरार रखेंगे। फेडरर ने हाल में खिताब जीत कर कह दिया कि वे आगामी टूर्नामेंट की तैयारी के लिए मेहनत कर रहे हैं। इसके लिए वे कई टूर्नामेंट छोड़ भी देते हैं। इन खिलाड़ियों को एटीपी रैंकिंग और एटीपी के नियमों के बारे में भली भांति पता होता है। वे जानते है कि किस टूर्नामेंट में कम खेलकर अधिक अंक मिल सकते हैं, वे उन टूर्नामेंट में ज्यादा खेलते हैं। युवा खिलाड़ी इस प्रकार की रणनीति से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे इन खिलाड़ियों से मात खा जाते हैं।

टेनिस विश्लेषण

शीर्ष पर हैं इसलिए

दमखम और चुस्ती फुर्ती एक खिलाड़ी बनाए रख सकता है लेकिन इससे किशोरवय खिलाड़ियों का मुकाबला नहीं किया जा सकता है। जोकोविच, नडाल और फेडरर ने एक ही चीज को पकड़ कर उसका लाभ उठाया और वे टॉप में बने हुए हैं। टेनिस में आधुनिक तकनीक और अनुभव के जरिए वे युवाओं पर अपनी योग्यता साबित कर देते हैं। वे आधुनिक तकनीक के जरिये प्रतिपक्षी खिलाड़ियों के खेल और अपने खेल का बारीकी से अध्ययन करते हैं। इनके लिए फायदे की सबसे बड़ी चीज रैकेट का हल्का होना है। साथ ही, रैकेट के ग्रिप (पकड़) में भी परिवर्तन हुआ। हल्के रैकेट और नई ग्रिप से वे ज्यादा तेज तरीके से गेंद को मार सकते हैं। उनके शॉट में युवाओं जितनी तेजी होती है। इसमें अनुभव शामिल हो जाता है तो युवा मात खा जाते हैं। रैकेट में जो परिवर्तन हुआ है उससे आने वाले खिलाड़ी भी लंबे समय तक अपने आपको कोर्ट में बनाए रख सकेंगे।

पांच टैस्ट स्थलों के सही दावेदार

संदीप भूषण

टैस्ट क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने के लिए शुरू की गई टैस्ट चैंपियनशिप भी दर्शकों को मैदान में खींचकर नहीं ला पाई है। दक्षिण अफ्रीका से टैस्ट श्रृंखला जीतने के बाद भारतीय कप्तान विराट कोहली ने इससे निपटने के लिए देश में पांच नियमित टैस्ट स्थल की मांग भी उठा दी। यह जायज भी है। यही कारण है कि उन्हें पूर्व कप्तान और मुख्य कोच अनिल कुंबले का भी साथ मिला। अगर इस बदलाव को अंजाम दिया जाता है तो पूरी उम्मीद है कि दर्शकों की संख्या बढ़ेगी।

दरअसल, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे देश काफी पहले से इस व्यवस्था का प्रयोग कर रहे हैं। वहां सालाना एक या इससे ज्यादा टैस्ट मैचों का अनिवार्य आयोजन किया जाता है। आस्ट्रेलिया के एमसीजी और दक्षिण अफ्रीका (डरबन) किंग्समेड में बॉक्सिंग डे टैस्ट होता है। वहीं, आस्ट्रेलिया के एससीजी और दक्षिण अफ्रीका के न्यूलैंड्स में हर साल एक टैस्ट आयोजन किया जाता है।

आकलन

इन टैस्ट मैचों को देखने काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं। कोहली ने इसी सोच के साथ भारत में भी पांच टैस्ट स्थलों की व्यवस्था लागू करने की मांग की है। आइए जानते हैं कि अगर पांच टैस्ट मैदानों का चयन किया जाता है तो सबसे पहले किसे मौका मिल सकता है।

ईडन गार्डन, कोलकाता

ईडन गार्डन का मैदान दशकों से क्रिकेट के कई रेकॉर्ड का गवाह रहा है। भारत का दूसरा टैस्ट मैच भी यहीं खेला गया था। अब तक यहां 40 से ज्यादा टैस्ट मैचों हो चुके हैं। 21वीं सदी में भारत ने इस मैदान पर सिर्फ एक टैस्ट मैच गंवाया है। 2001 में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच खेले गए टैस्ट में तो दशर्कों की संख्या ने रेकॉर्ड ही कायम कर दिया। लगभग एक लाख दर्शकों की क्षमता वाले इस मैदान पर उस मैच को देखने 68000 प्रशंसक पहुचे थे।

वानखेडे स्टेडियम, मुंबई

देश में क्रिकेट का संचालन यहीं से होता है। बीसीसीआइ का मुख्य दफ्तर यहीं है। साथ ही मुंबई ने सचिन तेंदुलकर और सुनील गावसकर के रूप में भारत ही नहीं दुनिया को दो ऐसे महान बल्लेबाज दिए जिनका नाम क्रिकेट के इतिहास में अमर है। यहीं स्थित वानखेडे को भला कोई कैसे नजरअंदाज कर सकता है। 1974 में बने इस अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में एक साल बाद 1975 में पहला टैस्ट मैच खेला गया। 45000 दर्शकों की क्षमता वाला यह मैदान टैस्ट की मेजाबनी के लिए बिलकुल सही स्थान है।

चिन्नास्वामी स्टेडियम, बंगलुरु

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम 40000 दर्शकों की क्षमता वाला है। यही कारण है कि मैच चाहे कोई भी हो, दर्शकों की संख्या ठीक-ठाक रहती है। यह मैदान भारतीय क्रिकेट के इतिहास के लिहाज से खास है। साथ ही अफगानिस्तान ने भी अपना पहला टैस्ट मैच इसी मैदान पर खेला। 2017 में आस्ट्रेलिया और भारत के टैस्ट मैच के दौरान भी यहां भारी संख्या में दर्शक पहुंचे थे। भारतीय टीम के नए रन मशीन रोहित शर्मा ने अपना पहला दोहरा शतक यहीं बनाया था।

इस मैदान में सब-एअर सिस्टम लगा है जिससे बारिश के दौरान आउटफील्ड को तेजी से सुखाया जा सकता है। इस साल हुए विजय हजारे फाइनल को देखने भी इस मैदान में लगभग चार हजार लोग पहुंचे थे जो किसी भी घरेलू स्तर के टूर्नामेंट के लिए बेहतर ही माना जाएगा।

राजीव गांधी स्टेडियम, हैदराबाद

हैदराबाद के इस मैदान को भी दर्शकों के पहुंचने के लिहाज से बेहतर माना जाता है। यही कारण रहा कि 2017 में भी भारतीय कप्तान यहां पहुंचने वाले प्रशंसकों की तारीफ कर चुके हैं। उन्होंने बड़ी संख्या में भारतीय टीम का समर्थन करने पहुंचने वाले लोगों का शुक्रिया अदा किया था। इस लिहाज से टैस्ट स्थलों के चयन के दौरान इस स्टेडियम का नाम आना भी लाजमी है। यह मैदान भारत के लिए भी काफी भाग्यशाली रहा है। 2010 में पहला टैस्ट मैच आयोजित करने वाले इस मैदान में भारत अब तक विजयी ही रहा है।

जख्मी

डब्लूटीए टेनिस फाइनल में चीन के शेनझेन में बुधवार को कनाडा की बियांका एड्रेस्क्यू घुटने में चोट लगने के बाद खड़े होने का प्रयास करती हुईं।

इतिहास रचने की दहलीज पर ईडन

शंकर जालान

कोलकाता के ईडन गार्डन को लेकर एक चर्चित उद्धरण है कि एक क्रिकेटर का करिअर तब तक पूरा नहीं होता जब तक कि वह इसमें नहीं खेलता। 1864 में बना यह मैदान न केवल देश के अन्य क्रिकेट मैदानों में सबसे बड़ा है, बल्कि यहां के दर्शकों की खेल प्रेम भावना अन्य शहरों से बिल्कुल इतर है। अच्छे खेल की तारीफ करना यहां के दर्शकों की खासियत है। शायद यही वजह है कि जब तक खिलाड़ी ईडन गार्डन में नहीं खेल लेता जब तक उसे लगता है कि उसकी खेल जीवन की यात्रा अधूरी है।

देश में सबसे पहले दुधिया रोशनी का मैदान बनकर इतिहास रचने वाला ईडन गार्डन अब एक और इतिहास रचने की दहलीज पर है। यहां 22 से 26 नवंबर तक भारत व बांग्लादेश के बीच खेले जाने वाला दूसरा टैस्ट मैच देश का पहला दिन-रात्रि (डे-नाइट) टैस्ट बनने जा रहा है। बीसीसीआइ के इस बाबत भेजे गए प्रस्ताव को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को स्वीकार कर लिया। ध्यान रहे कि भारत और बांग्लादेश के बीच दो टैस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच 14 नवंबर से और दूसरा मैच 22 नवंबर से खेला जाएगा।

मालूम हो कि आइसीसी ने 2015 में पहली बार क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप टैस्ट क्रिकेट में रोमांच पैदा करने के लिए डे-नाइट टैस्ट मैचों की शुरुआत की। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच नवंबर 2015 में एडिलेड ओवल में पहला दिन-रात्रि टैस्ट खेला गया था। इसके बाद से सभी बड़ी टीमों ने दिन-रात्रि टैस्ट मैचों में अपनी शुरुआत कर ली, लेकिन अब जाकर भारत इसकी शुरुआत कर रहा है।

ईडन गार्डन दो विश्व कप (1987 और वर्ल्ड टी 20- 2016) फाइनल का गवाह रहा है। इसके अलावा कई अन्य यादगार टैस्ट मैचों का साक्षी भी रहा है। कोलकाता का यह मैदान दो बार की आइपीएल चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान भी है। अब यहां दिन-रात्रि मैच खेले जाने से ईडन गार्डन एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर लेगा।

धोनी बने पहेली

आत्माराम भाटी

भारतीय क्रिकेट को अपने खेल व बेहतरीन कप्तानी से बुलंदियों पर पहुंचाने वाले महेंद्र सिंह धोनी उर्फ 'माही' आजकल चर्चा में है। चर्चा इस बात की है कि उनका अंतरराष्ट्रीय करिअर कब तक चलना चाहिए। धोनी इस साल के आइसीसी विश्व कप के बाद से अपने को मैदान से दूर रखे हुए हैं। इस दौरान वे 15 दिन घर से दूर फौजियों के साथ रहे। अब जब 3 नवंबर से बांग्लादेश की टीम भारत में अपने दौरे की शुरुआत टी-20 मैचों से कर रही है तो सभी को उम्मीद थी कि बांग्लादेश के खिलाफ धोनी जरूर मैदान में उतरेंगे। लेकिन चयन समिति ने टीम की घोषणा की तो उनका नाम गायब था। इसके बाद वे चर्चा में इसलिए बन गए कि टीम इंडिया को अब उनकी जरूरत है या नहीं? क्या उन्हें अब क्रिकेट को अलविदा कह देना चाहिए या अभी इंतजार करना सही होगा? अभी धोनी के संन्यास को लेकर मुद्दा इसलिए भी गरमा गया कि 33 माह के लंबे समय बाद बीसीसीआइ को सौरव गांगुली के रूप में 10 माह की अवधि के लिए नया निर्विरोध अध्यक्ष मिला है। क्या गांगुली टीम चयन समिति के साथ चर्चा करके अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप को देखते हुए धोनी पर युवा खिलाड़ियों को तरजीह देंगे?

संन्यास या टीम में वापसी को लेकर धोनी की ओर से कोई संकेत नहीं आ रहा है। वे परिवार के साथ अपना समय बिता रहे हैं। पिछले दिनों अफ्रीका के साथ हुए अंतिम टैस्ट में वे टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में अचानक पहुंचे तो उनको लेकर मीडिया ने टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री पर धोनी के भविष्य को लेकर बाउंसर डाल दिया। लेकिन इस बाउंसर को दोनों ने ही महेंद्र सिंह धोनी की ओर हिट कर दिया।

चर्चा

जब माही के संन्यास के बारे में गांगुली से सवाल किया गया तो उनकी भी राय यही थी कि उनका टीम इंडिया के लिए योगदान बेहतरीन रहा है, उनके पास इस खेल का लंबा अनुभव है, इसलिए उन्हें अच्छी तरह पता है कि उनको कब तक खेलना है और कब मैदान से दूर होना है। क्रिकेट के जानकार और क्रिकेट प्रेमी ही नहीं स्वयं धोनी भी इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि उन्हें इस खेल में जो योगदान देना था वह उन्होंने दे दिया है। वे अच्छी तरह जानते हैं कि अब उम्र के इस पड़ाव को देखते हुए आज की मांग के अनुसार एक युवा बल्लेबाज की तरह उनमें क्षमता नहीं है। न तो वे विश्व कप में अपनी पहचान बेहतरीन फिनिशर के अनुरूप प्रदर्शन कर पाए और ने कीपिंग में चपल नजर आए। ऐसे में उनके टीम इंडिया में वापसी को लेकर प्रश्न चिन्ह उठना लाजमी भी है।

धोनी के अलावा कपिल देव, अजहरूद्दीन, सौरव गांगुली, वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर तक को बीसीसीआइ ने ही संन्यास के लिए प्रेरित किया। ऐसा नहीं है कि एक उम्र के पड़ाव और खेल में गिरते स्तर के बावजूद मैदान पर जीत के लिए दिल में जज्बा रखने के उदाहरण केवल क्रिकेट में ही है। हमारे सामने टेनिस भी है जिसमें रोजर फेडरर और लिएंडर पेस जैसे भी युवाओं के प्रेरणास्रोत खिलाड़ी हैं जो आज भी अधिक उम्र और मैदान में कभी-कभी मिल रही सफलताओं के बाद भी मैदान में उतरने का अपना मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं।

संन्यास?

केंद्रीय मंत्रिमंडल में आनुपातिक प्रतिनिधित्व मांगा जद (एकी) ने

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

भाजपा की सहयोगी जद (एकी) ने बुधवार को फिर केंद्रीय मंत्रिमंडल में अपनी पार्टी को 'आनुपातिक प्रतिनिधित्व' देने पर जोर दिया और कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा अध्यक्ष अमित शाह इस संबंध में पहल करते हैं तो वह उसका स्वागत करेगी। इससे पहले जद (एकी) ने जून में मोदी सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया था। नीतीश कुमार ने तीन साल के लिए दोबारा पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के बाद अपनी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद को संबोधित किया। इसके बाद जद (एकी) ने भाजपा को याद दिलाया कि बिहार के मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार में भाजपा को आनुपातिक प्रतिनिधित्व दिया है।

पार्टी महासचिव केसी त्यागी ने कुमार के भाषण और अन्य मुद्दों पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उल्लेख किया कि 2015 में बिहार विधानसभा चुनाव का जनादेश भाजपा के खिलाफ था लेकिन कुमार ने मंत्री पदों के अलावा उपमुख्यमंत्री का पद भी दिया। पार्टी का यह रुख ऐसे समय सामने आया है जब भाजपा की एक अन्य सहयोगी पार्टी शिवसेना महाराष्ट्र की सत्ता में समान हिस्सेदारी की मांग कर रही है। त्यागी ने कहा कि अगर राजग के नेता मोदी और शाह सरकार में जद (एकी) के आनुपातिक प्रतिनिधित्व के लिए पहल करते हैं तो हम इसका स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार में राजग की सबसे बड़ी घटक है। उन्होंने कहा कि जद (एकी) को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने से केंद्र सरकार में बिहार के और अधिक प्रतिनिधि होंगे। यह सामाजिक रूप से अधिक व्यापक और सामंजस्यपूर्ण होगा।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव में अपनी शानदार जीत के बाद अपने प्रत्येक सहयोगी को एक मंत्रीपद की पेशकश की थी। लेकिन जद (एकी) ने कम से कम तीन मंत्री पद की मांग की थी। लंबे समय से अपनी पार्टी की शिकायत को रेखांकित करते हुए त्यागी ने उल्लेख किया कि पहली मोदी सरकार में भी जद (एकी) को शामिल नहीं किया गया था। हालांकि उसने 2017 में कांग्रेस और राजद से संबंध तोड़ने के बाद प्रदेश सरकार में भाजपा नेताओं को शामिल किया था। हाल के लोकसभा चुनाव में, भाजपा और जद (एकी) ने राज्य में क्रमशः 17 और 16 सीटें जीती थीं, उसके बाद रामविलास पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा की छह सीटें थीं। त्यागी ने कहा कि उनकी पार्टी मंत्री पद को लेकर भाजपा पर कोई शर्त नहीं थोप रही है। इससे पहले नीतीश कुमार ने भाषण में राष्ट्र-व्यापी शराबबंदी पर जोर दिया और महिलाओं के लिए अपनी सरकार के कदमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बिहार में कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर होने वाली आलोचना को खारिज कर दिया।

त्यागी ने दावा किया कि शाह के हालिया बयान के बाद भाजपा के साथ उनकी पार्टी के गठबंधन में कोई 'भ्रम' नहीं है कि बिहार में राजग 2020 का विधानसभा चुनाव कुमार के नेतृत्व में लड़ेगी। उन्होंने कहा कि हम 2010 के चुनाव परिणामों से भी बेहतर करेंगे। राजग ने तब 243 सीटों में से 206 सीटें जीती थीं। उन्होंने कहा कि जद (एकी) झारखंड और दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। पार्टी की नजर राष्ट्रीय पार्टी बनने पर है और इसके लिए कम से कम चार राज्यों में मान्यता प्राप्त पार्टी का दर्जे हासिल करने की आवश्यकता होती है।

यूरोपीय सांसदों का कश्मीर दौरा प्रचार का हथकंडा : कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

यूरोपीय सांसदों के शिष्टमंडल के जम्मू-कश्मीर दौर पर बुधवार को कांग्रेस ने कहा कि भारत के आंतरिक मामले का अंतरराष्ट्रीयकरण करने और संसद का अपमान करने पर प्रधानमंत्री स्पष्टीकरण दें। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा कि पिछले तीन दिनों में देश ने एक 'इंटरनेशनल बिज़नेस ब्रोकर' द्वारा प्रयोजित केंद्र सरकार का अपरिपक्व, विवेकहीन और मूर्खतापूर्ण 'पीआर स्टंट' (प्रचार का हथकंडा) देखा। पूर्णतया अनजान थिंकटैंक द्वारा प्रायोजित यूरोपीय संसद के 27 सदस्यों को भारत लाया गया, उनकी प्रधानमंत्री से मुलाकात करवाई गई, उन्हें कश्मीर के जमीनी हालात जानने के लिए सरकार द्वारा कश्मीर भेजा गया। उनका संवाददाता सम्मेलन करवाया गया। पिछले 72 साल से भारत की जांची परखी नीति है कि कश्मीर हमारा आंतरिक मामला है। हम इस बारे में किसी तीसरे पक्ष, समूह, संस्था या व्यक्ति की दखलंदाजी कदापि स्वीकार नहीं करेंगे। पिछले तीन दिनों में इस नीति को पलट कर केंद्र सरकार ने अक्षम्य अपराध किया है। भाजपा सरकार ने संसद और प्रजातंत्र का भी घोर अपमान किया है। जब हमारे अपने सांसद और विपक्षी दलों के नेता कश्मीर जाते हैं, तो भाजपा सरकार उन्हें हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर जबरन वापस भेज देती है।

सरदार वल्लभभाई पटेल को आज श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे मोदी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 144 वीं जयंती पर गुजरात के केवडिया में स्थित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक प्रधानमंत्री एकता दिवस परेड में भाग लेंगे। एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन स्थल का दौरा करेंगे और केवडिया में लोक सेवा के परिवीक्षा अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। 2014 से हर वर्ष 31 अक्तूबर को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हर वर्ग के लोग 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़) में भाग लेते हैं।

प्रधानमंत्री बुधवार देर शाम गुजरात पहुंच कर गांधीनगर के राजभवन में रात्रि निवास करेंगे। गुरुवार सुबह प्रधानमंत्री नर्मदा जिले के केवडिया पहुंचेंगे। जहां वे सबसे पहले सरदार सरोवर बांध के पास स्थित 182 मीटर ऊंची 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' स्थल जाएंगे और भारत के लौह पुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। दुनिया की सबसे ऊंची सरदार पटेल की इस प्रतिमा का उद्घाटन मोदी ने पिछले साल 31 अक्तूबर को किया था।

गठबंधन में बने रहना जरूरी

पेज 1 का बाकी

सकती है। संवाददाताओं से बात करते हुए राउत ने कहा कि राज्य के हित में शिवसेना के लिए भगवा गठबंधन में बने रहना जरूरी है लेकिन 'सम्मान' भी महत्त्वपूर्ण है। राज्यसभा सदस्य ने कहा, 'व्यक्ति महत्त्वपूर्ण नहीं हैं लेकिन राज्य का हित महत्त्वपूर्ण है। शांत तरीके से और राज्य के हित को ध्यान में रखकर फैसला करने की जरूरत है।' मालूम है कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी बारी-बारी से मुख्यमंत्री पद और सत्ता बंटवारे पर 50 : 50 फॉर्मूले पर आक्रामक रूप से जोर दे रही है लेकिन भाजपा ने इस मांग को खारिज कर दिया है। राउत ने कहा कि दोनों सहयोगियों के बीच 21 अक्तूबर को हुए विधानसभा चुनाव से पहले जो तय हुआ था उनकी पार्टी बस उसे ही लागू करवाना चाहती है।

यह पूछे जाने पर कि क्या शिवसेना 50 : 50 फॉर्मूले (सत्ता के समान बंटवारे) को लागू करने पर अड़ी हुई, इस पर राउत ने कहा, 'आप (मीडिया) यह कह रहे हैं। हम सिर्फ यह चाहते हैं कि जो पहले तय हुआ था वैसे ही चीजें हों।'

शिवसेना विधायक आज चुनेंगे नेता

पेज 1 का बाकी

अक्तूबर से ही खींचतान चल रहा है, जब चुनाव परिणाम घोषित हुए थे। शिवसेना भाजपा के साथ समान अवधि के लिए मुख्यमंत्री पद की मांग कर रही है। वरिष्ठ नेता व मंत्री एकनाथ शिंदे निवर्तमान विधानसभा में शिवसेना विधायक दल के नेता हैं। महाराष्ट्र में सत्ता के बंटवारे को लेकर शिवसेना के साथ चल रही खींचतान के बीच भाजपा विधायक दल का नेता चुने गए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि गठबंधन के सहयोगी जल्द ही मिलकर राज्य में सरकार बनाएंगे। राज्य में सरकार बनाने के लिए 'वैकल्पिक फॉर्मूले' पर काम किए जाने की अफवाहों को उन्होंने 'मनोरंजन' करार दिया। फडणवीस को एक बार फिर से बुधवार को राज्य के भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया।

चिदंबरम 13 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में

पेज 1 का बाकी

में रखते हुए उन्हें घर का पका भोजन करने की इजाजत दी जा सकती है। चिदंबरम को मामले में उनकी प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत अवधि खत्म होने पर बुधवार को निचली अदालत के समक्ष पेश किया गया। इसके बाद बुधवार को ही जमानत के लिए बचाव पक्ष हाई कोर्ट भी पहुंचा। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम की ओर से लगी अर्जी में खराब स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की गई। उनके वकील कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर के पीठ के समक्ष याचिका पेश कर इस पर तत्काल सुनवाई की मांग की। पीठ ने गुरुवार को इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। चिदंबरम ने एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी (एआइजी) हैदराबाद में अपने डॉक्टर से परामर्श लेने व जांच कराने के लिए छह दिन के वास्ते अंतरिम राहत मांगी है।

उन्होंने दावा किया कि उन्हें पांच अक्तूबर से लगातार तेज पेट दर्द हो रहा है। उन्हें फौरन इलाज की जरूरत है। उन्हें 2017 में क्रोहन रोग होने का पता चला था जिसमें आंतों में सूजन आ जाती है जिससे पेट में दर्द, दस्त और वजन कम हो जाता है। उनकी जमानत याचिका के अनुसार, सात अक्तूबर को उनकी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में जांच की गई और उन्हें एंटीबायोटिक और दर्द खत्म करने की दवाएं दी गई जिसके बाद उनका पेट दर्द कम है।

केंद्र सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस ने की तैयारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

अर्थव्यवस्था में सुस्ती, बेरोजगारी, बैंकों की खराब हालत और किसानों के संकट सहित कई मुद्दों पर नरेंद्र मोदी सरकार को घेरने के मकसद से कांग्रेस आने वाले दिनों में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन और देश के 35 प्रमुख शहरों में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन करेगी। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से बुधवार को बयान के मुताबिक, आरसीईपी मुक्त व्यापार समझौते के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जनता को जागरुक करने का काम भी किया जाएगा। कांग्रेस ने पांच से 15 नवंबर के बीच प्रदेश एवं जिला स्तरों पर विरोध प्रदर्शन का आयोजन करने का निर्णय लिया है। कुल 31 नेताओं को विभिन्न स्थानों पर इन विरोध प्रदर्शन कार्यक्रमों की निगरानी के लिए तैनात किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आगामी दो नवंबर को पार्टी महासचिवों-प्रभारियों एवं अग्रणी संगठनों के प्रमुखों की बैठक बुलाई है।

पहलू खान के खिलाफ गोतस्करी का मामला रद्द

पेज 1 का बाकी

दुरुपयोग है क्योंकि ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे साबित हो कि गायों को गोकशी के लिए ले जाया जा रहा था। चिकित्सा विशेषज्ञों ने साबित किया था कि गायें दुधारू थीं और उनके बछड़े केवल एक महीने के थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय बाजार से गायों को खरीदा गया, यह साबित करने के लिए उनके पास रसीद भी थी। पहलू खान के बेटे इरशाद ने बताया, 'हाई कोर्ट द्वारा मुझ पर और मेरे भाई पर दर्ज मामले और आरोपपत्र को रद्द किए जाने से हम खुश हैं। हम गायों को गोकशी के लिए नहीं ले जा रहे थे लेकिन हम पर हमला हुआ। आज हमारे साथ न्याय हुआ।' अलवर की अदालत ने संदेह का लाभ देते हुए इस साल 14 अगस्त को पहलू खान की पिटाई करने के मामले में सभी छह आरोपियों को बरी कर दिया था। हालांकि, राजस्थान सरकार ने फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की है। इरशाद ने कहा, 'भाजपा शासन के दौरान पुलिस ने निष्पक्ष जांच नहीं की। हम पशुपालक हैं। गोकशी कभी उद्देश्य नहीं रहा।'

भारत-पाक के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है कश्मीर : जॉनसन

पेज 1 का बाकी

'गहन' चिंता का विषय है। यूरोपीय संघ के 23 सांसदों के हालात का जायजा लेने के लिए जम्मू कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचने की पृष्ठभूमि में जॉनसन का यह बयान आया है। दौरा कर रहे यूरोपीय संघ के सांसदों ने अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने को बुधवार को भारत का आंतरिक मुद्दा बताया और कहा कि वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के साथ खड़ा है। जॉनसन 12 दिसंबर को आम चुनाव के पहले संसद में आखिरी प्रश्न काल के दौरान कंजरवेटिव पार्टी के सांसद स्टीव बेकर के सवाल का जवाब दे रहे थे। हाउस ऑफ कॉमन्स में उन्होंने सांसदों से कहा, 'कश्मीर के लोगों का कल्याण ब्रिटेन सरकार के लिए गहन चिंता का विषय है।' जॉनसन ने कहा कि ब्रिटेन सरकार की लंबे समय से यह राय रही है कि कश्मीर मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को आपस में सुलझाना है। दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में वायकोंबे से सांसद बेकर जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद से मुखर तरीके से आवाज उठाने वाले सांसदों में है। बेकर के संसदीय क्षेत्र में कश्मीरी मूल के लोगों की अच्छी खासी आबादी है।

रेलवे के 58 दफ्तरों में कागजी काम बंद

पेज 1 का बाकी

एनआइसी ने तैयार किया गया है। मंत्रालय के ऑनलाइन डेटा की निगरानी सिकंदराबाद व गुड़गांव से की जा रही है। मंत्रालय के मुताबिक नए सिस्टम को लागू करने से पूर्व सभी संबंधित अधिकारियों की ट्रेनिंग भी कराई है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी प्रकार की तकनीकी सहयोग के लिए विशेष टीम को भी मंत्रालय के साथ जोड़ा गया है, जो कठिन परिस्थितियों में सहयोग के लिए उपलब्ध होगी। इस योजना पर रेल मंत्रालय ने मार्च 2019 में शुरू किया था और इसके 2020 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। मंत्रालय ने इस योजना को अपने तय समय से पहले पूरा किया है। नए सिस्टम की मदद से केंद्रीय स्तर पर ही फाइलों की निगरानी की जा सकेगी और संबंधित अधिकारी फाइलों की सीधी निगरानी कर सकेंगे। कागज का प्रयोग खत्म होने का लाभ कार्बन फुट प्रिंट में कमी लाने में भी मिलेगा। यह प्रोजेक्ट रेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय ई शासन परियोजना के तहत इस व्यवस्था को लागू किया है और इसके माध्यम से मंत्रालय के कामकाज को केंद्रीय सिस्टम से जोड़ा गया है। यह चार चरण में लागू किया गया है। इसमें फाइल प्रबंधन (ई- फाइल), ज्ञान प्रबंधन, तालमेल प्रबंधन और कार्मिक विभाग से संबंधित सूचनाएं शामिल हैं।

भूमि आबंटन मामले में हुड्डा और वोरा को अंतरिम जमानत

पेज 1 का बाकी

में दोनों की तरफ से 5-5 लाख रुपए के बेल बांड भरे गए। अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 नवबंर को होगी। इससे पहले सुनवाई में भूपेंदर सिंह हुड्डा और मोती लाल वोरा की रेगुलर बेल को लेकर बहस हुई और 6 नवंबर को रेगुलर बेल पर ईडी अपना जवाब फाइल करेगी।

महत्त्वपूर्ण है कि पंचकूला स्थित सेक्टर 6 के प्लाट नंबर सी-17 (64.93 करोड़ कीमत) 69.39 लाख में दिया गया था। इसको लेकर ईडी द्वारा अभियोजन शिकायत स्पेशल ईडी कोर्ट में दर्ज करवाई गई थी और भूपेंदर सिंह हुड्डा उस समय तत्कालीन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के चैयरमेन थे। महत्त्वपूर्ण है कि ईडी की विशेष अदालत ने हुड्डा और मोती लाल वोरा व नेशनल हेराल्ड अखबार के प्रकाशक को नोटिस जारी कर 30 अक्तूबर को पेश होने के निर्देश दिए थे। इस मामले में 26 अगस्त को ईडी ने हुड्डा व वोरा के खिलाफ अभियोजन की शिकायत की थी। हुड्डा पर आरोप है कि उन्होंने 64.93 करोड़ रुपए का प्लॉट एजेएल को 69.39 लाख रुपए में दिया था। कुछ दिन पूर्व ईडी ने इस मामले में हुड्डा से पूछताछ भी की थी। इसके अलावा पंचकूला के सेक्टर 6 स्थित इस प्लॉट को ईडी ने पिछले साल कुर्क भी कर लिया था। महत्त्वपूर्ण है कि इसी मामले की पंचकूला की विशेष सीबीआइ अदालत में भी सुनवाई चल रही है।

दुष्यंत को मिला अभिमन्यु का बंगला और दफ्तर

पेज 1 का बाकी

नाम यह कमरा नंबर-40 आबंटित किया है।

इस मंजिल पर उपमुख्यमंत्री कार्यालय के सामने ही कांफ्रेंस रूम भी है। इसी तरह से उनके निजी सचिव के अलावा ओएसडी व अन्य स्टॉफ के लिए भी अलग से कमरों का प्रबंध होगा। जिस तरह से चौथी मंजिल की पहचान सीएमओ के तौर पर होती है, अब उसी तरह से पांचवीं मंजिल डिप्टी-सीएमओ के तौर पर जानी जाएगी। दुष्यंत चौटाला को सरकारी कोठी भी वही आबंटित हुई है, जो वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के पास हुआ करती थी। चंडीगढ़ के सेक्टर-2 स्थित कोठी नंबर-48 हरियाणा के मंत्रियों के लिए तय कोठियों में सबसे बड़ी है। 2014 में सत्ता में आने के बाद वित्त मंत्री ने इस कोठी में काफी काम करवाया था। इससे पूर्व हुड्डा सरकार में यह कोठी पीडब्लूडी मंत्री रणदीप सिंह सुरजेवाला के पास हुआ करती थी।

आज कामकाज संभाल सकते हैं दुष्यंत

हरियाणा के छठे उपमुख्मंत्री दुष्यंत चौटाला गुरुवार को हरियाणा सिविल सचिवालय के अपने कार्यालय में कामकाम संभाल सकते हैं। बुधवार को दुष्यंत चौटाला और मनोहर लाल दिल्ली में ही रहे। बताते हैं कि खुद सीएम, दुष्यंत चौटाला को उनके कार्यालय में कार्यभार सौंपेंगे। फिलहाल सरकार की ओर से दुष्यंत के साथ अस्थाई स्टॉफ नियुक्त किया जा चुका है। वह अपने निजी स्टॉफ में अपनी पसंद के अधिकारियों-कर्मचारियों को रख सकेंगे। हरियाणा में गृह मंत्रालय और सामान्य प्रशासन मुख्यमंत्री खट्टर अपने ही पास रखेंगे। प्रोटोकॉल के अनुसार सीएम को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। वहीं कैबिनेट मंत्रियों को वाई श्रेणी की सुरक्षा मिलती है। माना जा रहा है कि उपमुख्यमंत्री बने दुष्यंत सिंह चौटाला की सुरक्षा कैबिनेट मंत्रियों से अधिक होगी। उन्हें वाई-प्लस सुरक्षा घेरा दिया जा सकता है

आंतरिक मामलों में दखल नामंजूर

पेज 1 का बाकी

की बेहतरी के लिए कर रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय के एक आला अधिकारी के मुताबिक, रियाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब के शाह सलमान बिन अब्दुल अजीज और वली अहद मोहम्मद बिन सलमान के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की व्यापक चर्चा की। इस वार्ता में कश्मीर के मुद्दे पर भारत के फैसलों का सऊदी अरब ने समर्थन किया है।

अधिकारियों ने बताया, 'कश्मीर पर भारत के रुख को लेकर सऊदी अरब में वृहद राजनीतिक समझ है।' उन्होंने बताया कि मोदी और सऊदी अरब के शीर्ष नेतृत्व के बीच मंगलवार को हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान कश्मीर पर कोई चर्चा नहीं की गई। हालांकि, उन्होंने यह कहा कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत में पाकिस्तान का जिक्र किया गया। सूत्र ने कहा, 'सऊदी अरब कश्मीर को भारत का आंतरिक मामला मानता है।

ममता ने की गहन जांच की मांग

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा पांच बंगाली मजदूरों की हत्या किए जाने की घटना की निंदा करते हुए बुधवार को इस मामले में गहन जांच की मांग की। कोलकाता में उन्होंने पीड़ितों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजा देने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा, 'अभी कश्मीर में पूरी कानून व्यवस्था भारत सरकार के अधीन है।' ममता बनर्जी ने बंगाल के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को इन हत्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी का पता लगाने का काम सौंपा। उन्होंने ट्वीट किया, 'हम इस घटना की गहन जांच कराए जाने की मांग करते हैं ताकि असलियत सामने आए। हम इस मामले में विस्तृत जानकारियां हासिल करने के लिए दक्षिण बंगाल के एडीजी संजय सिंह को नियुक्त कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारी पार्टी के सांसद और विधायक मृतकों के परिजनों से मिलने मुर्शिदाबाद पहुंचे हैं। हमारी सरकार पीड़ित परिवार को पांच-पांच लाख रुपए और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है।' इससे पहले राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने अपनी संवेदना जताई।

दिल्ली की हवा बेहद जहरीली, दो दिन राहत के आसार नहीं

पेज 1 का बाकी

परेशानी बुर्जुगों और बच्चों को हुई। लोगों से अपील की है कि सुबह के वक्त पार्क या जिम जैसी बाहरी गतिविधियां रोक दें। इसके अतिरिक्त बच्चे और ऐसे लोग जिन्हें हृदय, फेफड़े संबंधित रोग हैं, वे घर के अंदर ही रहें। गुरुवार को भी दिल्ली में ऐसे ही हालात बने रहने की आशंका है।

प्रदूषण से दृश्यता की स्थिति भी खराब बनी हुई है। 500 से 700 मीटर की दूरी पर कुछ भी साफ नजर नहीं आ रहा। वहीं इस मामले में दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने पड़ोस के हरियाणा और पंजाब राज्यों को घेरा है।

कुपवाड़ा और रजौरी में पाकिस्तानी गोलीबारी, एक की मौत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा और रजौरी में पाकिस्तान ने बुधवार को संघर्षविराम का उल्लंघन किया। कुपवाड़ा जिले के माछिल और कुमकारी सेक्टर में पाकिस्तान की गोलाबारी से एक नागरिक की मौत हो गई। इस गोलाबारी में सात से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर में पाकिस्तानी सेना ने सीमा से सटे इलाकों में भारी गोलाबारी की, जिसमें स्थानीय नागरिक की मौत हो गई। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में हुए आतंकवादी हमले में गंभीर रूप से घायल एक अन्य मजदूर ने दम तोड़ दिया। इसके बाद इस हमले में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई। मारे गए सभी मजदूर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के रहने वाले हैं। आतंकियों द्वारा किए गए इस हत्याकांड के मद्देनजर दक्षिणी कश्मीर समेत घाटी के विभिन्न इलाकों में प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ा दी है।

कश्मीर की तरफ जा रहे ट्रकों को रोका गया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

कश्मीर में ट्रक चालकों पर हो रहे लगातार हमले के मद्देनजर 31 अक्तूबर तक कश्मीर घाटी की ओर जाने वाले ट्रकों को रोक दिया गया है। नगरोटा से कुंजवानी तक सड़क पर इन ट्रकों को ऐहतियातन खड़ा कर दिया गया है। 31 अक्तूबर तक कोई ट्रक घाटी की तरफ नहीं जाएगा। इसका कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है, लेकिन यातायात पुलिस ने हाइवे पर ट्रकों को रोकना शुरू कर दिया है।

केंद्र शासित प्रदेश की नई व्यवस्था आज से

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 30 अक्तूबर।

जम्मू कश्मीर गुरुवार से केंद्र शासित प्रदेश बन जाएगा और इसी के साथ वहां पुलिस व कानून-व्यवस्था सीधे केंद्र के नियंत्रण में रहेगी। भू-संपदा वहां की चुनी हुई सरकार के अधीन होगी। जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन कानून 2019 के अनुसार, भूमि संबंधी अधिकार केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) जम्मू-कश्मीर की निर्वाचित सरकार के पास होगा। यह व्यवस्था दिल्ली के उलट होगी, जहां दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के माध्यम से उपराज्यपाल का नियंत्रण है। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के अनुसार भूमि संबंधी अधिकार, कृषि भूमि का हस्तांतरण, भूमि सुधार और कृषि ऋण केंद्रशासित प्रदेश की चुनी हुई सरकार के अधीन होंगे।

भू-राजस्व, मूल्यांकन और संग्रह, भूमि रिकॉर्ड का रखरखाव, राजस्व उद्देश्यों के लिए सर्वेक्षण और अधिकारों के रिकॉर्ड आदि भी जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश की चुनी हुई सरकार के दायरे में आएंगे। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पुलिस, कानून और व्यवस्था व भूमि उपराज्यपाल के नियंत्रण में होगी। अधिनियम के अनुसार लद्दाख में विधानसभा नहीं होगी। दोनों नए केंद्र शासित प्रदेश 31 अक्तूबर को आस्तित्व में आएंगे और जम्मू और कश्मीर का हाई कोर्ट, दोनों नए केंद्रशासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लिए साझा हाई कोर्ट होगा।

केंद्रशासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर की विधानसभा में 107 निर्वाचित विधायक होंगे और परिसीमन के बाद यह संख्या बढ़ाकर 114 की जाएगी। विधानसभा में 24 सीटें खाली रहेंगी, क्योंकि वे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आती हैं। इस कानून में कहा गया है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर की विधानसभा संविधान की राज्य सूची में शामिल किसी भी मामले में कानून बना सकती है, सिवाय प्रविष्टि संख्या एक और दो के विषयों क्रमशः 'लोक व्यवस्था और पुलिस' को छोड़कर। साथ ही वह समवर्ती सूची के तहत विषयों पर भी कानून बना सकती है।

ईयू सांसदों ने कहा, 370 भारत का आंतरिक मामला

पेज 1 का बाकी

खड़े हैं। घाटी के दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन यूरोपीय संसद के 23 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने श्रीनगर में मीडिया से बात की। उनलोगों ने आतंकवादियों द्वारा बंगाल के छह मजदूरों की हत्या किए जाने की घटना की निंदा भी की। इन सांसदों ने कहा कि आतंकवाद ही कश्मीर की समस्या है। पाकिस्तान आतंकवाद के लिए वित्त पोषण कर रहा है।

फ्रांस के हेनरी मेलोसे ने कहा, 'अनुच्छेद 370 की बात करें, तो यह भारत का आंतरिक मामला है। हमारी चिंता का विषय आतंकवाद है, जो दुनिया भर में परेशानी का सबब है और इससे लड़ाई में हमें भारत के साथ खड़ा होना चाहिए। यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं।' यूरोपीय आर्थिक व सामाजिक समिति के पूर्व अध्यक्ष मेलोसे ने कहा कि सेना और पुलिस ने दल को जानकारी दी। युवा कार्यकर्ताओं से भी उनकी बातचीत हुई और अमन कायम करने के विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

पोलैंड के सांसद रेजार्ड जारनेकी ने कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि कश्मीर के बारे में अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने जो दिखाया वह पक्षपातपूर्ण था। उन्होंने कहा, 'हमने जो देखा है, अपने देश लौटकर हम उसकी जानकारी देंगे।' ब्रिटेन में लिबरल डेमोक्रेट पार्टी के न्यूटन डन ने इसे 'आंखे खोलने वाला दौरा' बताया। डन ने कहा, 'हम यूरोप से आते हैं, जो वर्षों के संघर्ष के बाद अब शांतिपूर्ण स्थान है। हम भारत को दुनिया का सबसे शांतिपूर्ण देश बनता देखना चाहते हैं। इसके लिए जरूरत है कि वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ खड़े रहें। यह दौरा आंखें खोलने वाला रहा है और जो कुछ हमने ग्राउंड जीरो पर देखा है हम उस पर अपनी बात रखेंगे।'

फ्रांस के ही एक अन्य सांसद थियेरी मारियानी ने मीडिया को बताया कि वह पहले भी कई बार भारत आ चुके हैं और यह दौरा भारत के आंतरिक मामले में दखल देने के लिए नहीं है बल्कि कश्मीर में जमीनी हालात के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी लेने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा, 'आतंकवादी एक देश को बरबाद कर सकते हैं। मैं अफगानिस्तान और सीरिया जा चुका हूं और आतंकवाद ने वहां जो किया है वह देख चुका हूं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ खड़े हैं।'

शिष्टमंडल में शामिल 23 सांसदों में से कई सांसद धुर दक्षिणपंथी या दक्षिणपंथी दलों के हैं। जम्मू-कश्मीर में हालात का जायजा लेने के लिए आयोजित दो दिवसीय यह दौरा कई मायनों में महत्त्वपूर्ण है। केंद्र द्वारा जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के ऐलान के बाद से कश्मीर में विदेशी प्रतिनिधियों का यह पहला उच्च स्तरीय दौरा है।

इस दौरे का समापन ऐसे वक्त हो रहा है, जब बुधवार को जम्मू-कश्मीर का एक राज्य के रूप में अंतिम दिन है। गुरुवार को राज्य दो केंद्र शासित प्रदेशों- जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख में विभाजित हो जाएगा। यूरोपीय संसद के इन सदस्यों ने अपनी दो दिवसीय कश्मीर यात्रा के पहले, सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इनका स्वागत करने के साथ उम्मीद जताई थी कि जम्मू कश्मीर सहित देश के अन्य हिस्सों में उनकी यात्रा सार्थक रहेगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा, 'जम्मू-कश्मीर के इस दौरे से शिष्-टमंडल को जम्-मू, कश्-मीर और लद्दाख क्षेत्र की सांस्-कृतिक एवं धार्मिक विविधता को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही वे इस क्षेत्र के विकास व शासन से संबंधित प्राथमिकताओं की सही स्थिति से अवगत होंगे।' राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी शिष्टमंडल को जम्मू कश्मीर के हालात की जानकारी दी थी। उन्होंने मेहमानों के लिए दोपहर के भोज का आयोजन भी किया था।

epaper.jansatta.com

ब्रिटेन में 12 दिसंबर को मध्यावधि चुनाव

लंदन, 30 अक्तूबर (भाषा)।

ब्रेग्जिट गतिरोध खत्म करने के लिए चुनाव कराने के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के आह्वान का ब्रिटेन के सांसदों ने समर्थन किया है। इसके बाद अब देश में 12 दिसंबर को मध्यावधि चुनाव होगा। ब्रेग्जिट गतिरोध का नतीजा देश के लिए दशकों के सबसे बड़े राजनीतिक संकट के रूप में निकला है।

जॉनसन लगभग दो महीने से चुनाव कराने के प्रयास कर रहे थे, लेकिन ब्रिटेन के सांसद उनके प्रयासों में बाधा डालते आ रहे थे। चुनाव कराने को सांसदों का समर्थन ऐसे समय मिला जब कुछ ही घंटे पहले यूरोपीय संघ (ईयू) ने ब्रिटेन के अलग होने को अगले साल 31 जनवरी तक टालने पर औपचारिक रूप से सहमति दे दी। मंगलवार रात 'हाउस ऑफ कॉमन्स' ने 20 के मुकाबले 438 मतों से चुनाव की तारीख के पक्ष में मतदान किया। अगर 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' भी इस विधेयक को पारित कर देता है तो ब्रिटेन में यह चार साल के भीतर तीसरा और 1923 के बाद दिसंबर में होने वाला पहला चुनाव होगा। वर्तमान संसद का पांच साल का कार्यकाल मई 2022 में समाप्त होना है। ब्रिटिश संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कामंस' से पारित हुआ यह विधेयक अब उच्च सदन 'हाउस ऑफ लार्ड्स' में जाएगा जहां इसका विरोध होने की उम्मीद नहीं है। संसद अगले सप्ताह भंग हो सकती है। यह सब होने के बाद मतदान की तारीख तक पांच हफ्ते तक चुनाव प्रचार होगा।

ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया डेमोक्रेट ने

वाशिंगटन, 30 अक्तूबर (भाषा)।

अमेरिकी कांग्रेस के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में बहुमत वाली डेमोक्रेटिक पार्टी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया के अगले कदम से संबंधी प्रस्ताव को पेश कर दिया है। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन और उनके बेटे के खिलाफ यूक्रेनी गैस कंपनी बुरिश्मा में भ्रष्टाचार के निराधार मामले की जांच के लिए यूक्रेन पर दबाव डाला।

पार्टी की ओर से मंगलवार को सार्वजनिक आठ पन्नों के प्रस्ताव में अधिक सार्वजनिक जांच करने और मुख्य भूमिका कांग्रेस की खुफिया मामलों की समिति के प्रमुख एडम स्किफ को देने की बात कही गई है। सदन में इस प्रस्ताव पर गुरुवार को मत विभाजन होने की उम्मीद है।

नियम समिति के अध्यक्ष जेम्स पी मैक्गवर्न ने कहा, 'राष्ट्रपति द्वारा ताकत के दुरुपयोग एवं राष्ट्रीय सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया की शुचिता से समझौता करने के पुख्ता सबूत हैं।' सदन की चार समितियों की ओर से संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा गया, 'सदन की महाभियोग जांच में विस्तृत सबूत और बयान एकत्र किए हैं और जल्द ही अमेरिकी जनता सार्वजनिक रूप से गवाहों को सुनेगी। सदन की नियम समिति में प्रस्तुत प्रस्ताव इसका रास्ता साफ करेगा।'

वाइट हाउस ने 'ढकोसला' बताया

वाइट हाउस की प्रेस सचिव स्टेफीन ग्रिशम ने कहा, 'प्रस्ताव को प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नेंसी पलोसी की ओर से बढ़ाना साबित करता है कि महाभियोग की प्रक्रिया शुरू से ही अवैध ढकोसला है क्योंकि इसे सदन के मत से उचित तरीके से अधिकृत नहीं किया गया है।'

खुफिया मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष एडम स्किफ, न्यायिक समिति के अध्यक्ष जेरोड नेडलर, विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष एलियट एंजेल और प्रबंधन एवं सुधार समिति की अध्यक्षा कार्रोलिन मालोने ने संयुक्त रूप से यह बयान जारी किया। बयान में कहा गया, 'हमने पहले ही ऐसे सबूत एकत्र कर लिए हैं जो साबित करते हैं कि राष्ट्रपति ने अपनी ताकत का दुरुपयोग सरकार के विभिन्न स्तरों पर दूसरे देशों पर दबाव बनाने एवं 2020 के चुनाव में हस्तक्षेप करने के लिए किया।' विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के इस कदम पर वाइट हाउस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे 'अवैध ढकोसला' करार दिया है। सदन की न्यायिक समिति के अध्यक्ष जेरोल्ड नेडलर ने महाभियोग प्रक्रिया का बचाव करते हुए कहा कि समिति गंभीरता से अपना काम पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के वकील लिखित में अपना पक्ष रख सकते हैं।

पत्रकारों व मानवाधिकार कायकर्ताओं की जासूसी

वाट्सऐप ने इजराइल की कंपनी पर मुकदमा ठोका

सान फ्रांसिस्को, 30 अक्तूबर (एएफपी)।

वॉट्सऐप ने इस्राइल की प्रोद्यौगिकी कंपनी एनएसओ समूह पर आरोप लगाया है कि वह फेसबुक के स्वामित्व वाली मैसेजिंग सेवा के जरिए पत्रकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और अन्य की साइबर जासूसी कर रही है। वॉट्सऐप ने इसके साथ ही कंपनी पर मुकदमा दायर दिया है।

वाद कैलिफोर्निया की संघीय अदालत में दायर किया गया है। इसमें कहा गया है कि एनएसओ समूह ने मैसेजिंग ऐप का इस्तेमाल करने वालों के 1,400 उपकरणों को संक्रमित कर महत्त्वपूर्ण जानकारी चुराने का प्रयास किया। वॉट्सऐप के प्रमुख विल कैथकार्ट ने कहा कि साइबर हमले की जांच में इजराइल की कंपनी की भूमिका सामने आने के बाद यह मुकदमा दायर किया गया है। हालांकि कंपनी ने इस आरोप का खंडन किया है।

कैथकार्ट ने ट्विटर पर लिखा, 'एनएसओ समूह का दावा है कि वह सरकारों के लिए पूरी जिम्मेदारी से काम करते हैं लेकिन हमने पाया कि बीते मई में हुए साइबर हमले में 100 से अधिक मानवाधिकार कार्यकर्ता और पत्रकार जासूसी हमले के निशाने पर थे। यह दुरुपयोग बंद होना चाहिए।' वाद में कहा गया कि एनएसओ का पेगासस नाम का सॉफ्टवेयर कुछ इस तरह बनाया गया है जिससे एंड्रॉइड, आइओएस और ब्लैकबेरी ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करने वाले उपकरणों को हाइजैक किया जा सके।

पाक में गुरु नानक की 550 वीं जयंती पर स्मारक सिक्का जारी

इस्लामाबाद, 30 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान ने गुरु नानक देव की 550वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को एक स्मारक सिक्का जारी किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने फेसबुक पोस्ट में सिक्के की तस्वीर साझा की। खान ने कहा, 'पाकिस्तान गुरु नानक देवजी की 550 वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करता है।' खान नौ नवंबर को करतारपुर गलियारे का उद्घाटन करेंगे, जिससे पहले यह सिक्का जारी किया गया है। वर्ष 2019 सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 550 वीं जयंती का वर्ष है, जिनका जन्म पाकिस्तान स्थित श्री ननकाना साहिब में हुआ था।

ग्रेटा थनबर्ग का पर्यावरण पुरस्कार लेने से इनकार

स्टॉकहोम, 30 अक्तूबर। स्वीडन की रहने वाली जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने पर्यावरण पुरस्कार स्वीकार करने से मंगलवार को इनकार कर दिया और कहा कि जलवायु अभियान में जरूरत इसकी है कि सत्ता में बैठे लोग पुरस्कार देने के बजाए 'विज्ञान' का अनुसरण प्रारंभ करें। युवा जलवायु कार्यकर्ता 16 वर्षीय थनबर्ग के 'फ्राइडे फॉर फ्यूचर' अभियान के पक्ष में लाखों लोग आ चुके हैं। थनबर्ग तब चर्चाओं में आई थीं जब अगस्त 2018 में उन्होंने हर शुक्रवार स्वीडन की संसद के बाहर धरना देना शुरू कर दिया था। **(एएफपी)**

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फाइनांस लिमिटेड विदित, अब आईडीएफसी बैंक लि. में समामेलित)
CIN: L65110TH2014PLC097792

IDFC FIRST Bank

पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वाँ तल, हैरिंग्टन रोड, चेतपेट, चेन्नई–600031
टेली.: +91 44 4564 4000, फैक्सः +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारीः श्री रोहित दुदेजा | सम्पर्क नम्बर – 7838324723

परिशिष्ट–IV–ए (देखें नियम 8 (6) का प्रावधान]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक (कों) तथा गारन्टर (रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास गिरवी/ चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड तात्कालिक **कैपिटल फर्स्ट होम फाइनांस लिमिटेड, अब, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** में समामेलित के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** किया गया है, की सौरभ बंसल, अशोक बंसल, सौरभ इंडिया प्रा.लि., सुनीता बंसल (ऋणधारक–सह–ऋणधारक) से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तात्कालिक कैपिटल फर्स्ट फोम फाइनांस लिमिटेड) के बकाये 9.4.2019 को आईएनआर 26697422.43/– की वसूली के लिये 19.11.2019 को ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो भी है'' तथा ''जो कुछ भी वहां है'' आधार पर बिक्री की जायेगी।

आरक्षित मूल्य आईएनआर 19500000/– (रुपये एक करोड़ पंचानवे लाख मात्र) होगी।

अचल सम्पत्ति का विवरण

ग्रेटर कैलाश–, ग्राम बसपुर, नई दिल्ली–110048 में स्थित सम्पत्ति सं. ई–345, भूतल, में शामिल पते की सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा। चौहद्दीः पूर्वः प्लॉट नं. ई–343, पश्चिमः प्लॉट नं. ई–347, उत्तरः सर्विस लेन, दक्षिणः रोड।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाईट अर्थात **www.idfc-firstbank.com** में दी गई लिंक देखें।

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फाइनांस लिमिटेड के नाम से विदित, अब आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में समामेलित)

तिथिः 30.10.2019

फार्म नं. आईएनसी–26
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, के समक्ष यथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा13(4) और कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(5)(ए) के मामले
और

आइओमीडिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
(CIN: U74300DL2010FTC211625)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : **नं. 124 कोवर्क 03 एम–4, लेवल 1, साउथ एक्सटेंशन, पार्ट–II, नई दिल्ली–110049** में है, के मामले में
....आवेदक कंपनी / याचिकाकर्त्ता

एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण के लिए केंद्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव एक असाधारण आम बैठक में कम्पनी को सक्षम करने हेतु **16 अक्तूबर, 2019** को आयोजित बैठक में पंजीकृत कार्यालय को **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से **"हरियाणा राज्य"** में बदलने हेतु पारित किया गया।

यदि किसी व्यक्ति का हित कंपनी में इस पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्रपत्र फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल **(www.mca.gov.in)** में शिकायत दर्ज करें अथवा एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित / विपक्ष के आधार हों, कारण देते हुए, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी–2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली–110003 को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक कॉपी आवेदक कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय **नं. 124 कोवर्क 03 एम–4, लेवल 1, साउथ एक्सटेंशन, पार्ट–II, नई दिल्ली– 110049** पर इस सूचना के छपने के 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेज दें।

कृते **आइओमीडिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड**
अशवन वाधवा (प्रबंध निदेशक)
डीआईएनः 03297866

दिनांकः 30 अक्तूबर 2019
स्थानः नई दिल्ली

TEXMACO RAIL & ENGINEERING LIMITED
Registered Office: Belgharia, Kolkata 700 056
Ph: (033) 2569 1500, Fax: (033) 2541 2448
Email : texrail_cs@texmaco.in, website : www.texmaco.in
CIN : L29261WB1998PLC087404

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 6(a), 7 and other applicable provisions of the Securities and Exchange Board of India (Delisting of Equity Shares) Regulations, 2009 and subsequent amendments thereto **("Delisting Regulations")**, the Board of Directors of Texmaco Rail & Engineering Limited **("the Company")** at its meeting held on 23rd October, 2019 approved the voluntary delisting of the Company from The Calcutta Stock Exchange Limited **("CSE")** only as there has been no trading in the Equity Shares of the Company listed on the CSE for several years and the Company is in the process of making an application of voluntary delisting of its Equity Shares from CSE. However, the Equity Shares of the Company will continue to be listed on Stock Exchange(s) having nationwide trading terminals i.e., the National Stock Exchange Limited **("NSE")** and BSE Limited **("BSE")**.

As per the Delisting Regulations, a Company may delist its Equity Shares from one or more recognized stock exchange(s) where they are listed and continue their listing on one or more other recognized stock exchange(s), subject to certain provisions. Our Company intends to delist its Equity Shares from CSE only and will continue to be listed on Stock Exchange(s) having nationwide trading terminals i.e., both NSE and BSE. The shareholders of the Company will not suffer due to the delisting from the CSE as the Equity Shares of the Company will continue to be listed and traded on the NSE and BSE.

By Order of the Board
For Texmaco Rail & Engineering Limited
Sd/-
A. K. Vijay
Executive Director
DIN : 01103278

Place : Kolkata
Date : 30th October, 2019

TEXMACO INFRASTRUCTURE & HOLDINGS LIMITED
Registered Office: Belgharia, Kolkata 700 056
Ph: (033) 2569 1500, Fax: (033) 2541 2448
Email: texinfra_cs@texmaco.in, website: www.texinfra.in
CIN: L70101WB1939PLC009800

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 6(a), 7 and other applicable provisions of the Securities and Exchange Board of India (Delisting of Equity Shares) Regulations, 2009 and subsequent amendments thereto **("Delisting Regulations")**, the Board of Directors of Texmaco Infrastructure & Holdings Limited **("the Company")** at its meeting held on 23rd October, 2019 approved the voluntary delisting of the Company from The Calcutta Stock Exchange Limited **("CSE")** only as there has been no trading in the Equity Shares of the Company listed on the CSE for several years and the Company is in the process of making an application of voluntary delisting of its Equity Shares from CSE. However, the Equity Shares of the Company will continue to be listed on Stock Exchange(s) having nationwide trading terminals i.e., the National Stock Exchange Limited **("NSE")** and BSE Limited **("BSE")**.

As per the Delisting Regulations, a Company may delist its Equity Shares from one or more recognized stock exchange(s) where they are listed and continue their listing on one or more other recognized stock exchange(s), subject to certain provisions. Our Company intends to delist its Equity Shares from CSE only and will continue to be listed on Stock Exchange(s) having nationwide trading terminals i.e., both NSE and BSE. The shareholders of the Company will not suffer due to the delisting from the CSE as the Equity Shares of the Company will continue to be listed and traded on the NSE and BSE.

By Order of the Board
For Texmaco Infrastructure & Holdings Limited
Sd/-
Pratik Modi
Company Secretary

Place : Kolkata
Date : 30th October, 2019

शुद्धिपत्र-प्रपत्र ए

एचबीएन फूड्स लिमिटेड, बिजनेस यूनिट नं. 523, 5वाँ तल, एचबीएन ऑफिस, डी माल, प्लॉट डी, डिस्ट्रिक्ट सेन्टर, पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110087 के क्रेडीटरों का ध्यान इस समाचार पत्र में 26 अक्टूबर, 2019 को प्रकाशित {भारत दिवाला एवं दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिये दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 6} के अंतर्गत ''प्रपत्र-ए'' में की गई सार्वजनिक उद्घोषणा के प्रति आकृष्ट की जाती है जिसमें प्वाइन्ट नं. 14 के अंतर्गत श्री महेश तनेजा का ईमेल आईडी गलत प्रकाशित हुआ है। कृपया ईमेल- आईडी ''maheshtaneja111@ yahoo.in'' पढ़ें।

जगदीश सिंह नैन
अंतरिम प्रस्ताव प्रोफिशनल

पंजी. सं. IBBI/IPA-003/IP-N00187/2018-2019/12415
तिथिः 31.10.2019 स्थानः नई दिल्ली

फॉर्म आईएनसी–26

माननीय क्षेत्रीय निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) नई दिल्ली, कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय के समक्ष

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) और कंपनी के (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (क), कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से हरियाणा राज्य में स्थानांतरित करने के मामले में,
तथा

सिटीकार्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड
(एक कंपनी निगमन नियमावली, 2013 के अधीन, जिसका पंजीकृत कार्यालय खसरा सं. 616, रंगपुरी गाँव, नई दिल्ली 110037) के मामले में,
...आवेदक

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी माननीय क्षेत्रीय निदेशक उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली को कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 13(4) के अंतर्गत यह कंपनी आवेदन करने का प्रस्ताव करती है जो कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के खंड।। में परिवर्तन की पुष्टि करती है, जिसके तहत **18, सितम्बर, 2019** को असाधारण आम सभा आयोजित की गई ताकि कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को **'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली'** से **'हरियाणा राज्य'** में स्थानांतरित करने में सक्षम बन सके।

कोई व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी **शपथ-पत्र भरकर** क्षेत्रीय निदेशक को क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2, विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कांप्लेक्स, नई दिल्ली 110003 के पते पर इस सूचना प्रकाशन की तारीख के चौदह (14) दिनों भीतर सुपुर्द कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकते हैं। साथ ही इसकी एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के निम्नलिखित पते पर भी भेजनी होगीः

खसरा सं. 616, रंगपुरी गाँव, नई दिल्ली 110037

उनकी द्वारा और उनकी ओर से
सिटीकार्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/–
सुधांशु अग्रवाल
निदेशक
DIN: 02695258

दिनांकः 31.10.2019
स्थानः दिल्ली

पंजीकृत कार्यालय का पताः खसरा सं. 616, रंगपुरी गाँव, नई दिल्ली 110037

Karur Vysya Bank — Smart way to bank

मंडल कार्यालय, नं. 6, 3रा तल, सामने मेट्रो पिलर नं. 80, पूसा रोड, करोलबाग, नई दिल्ली– 110005
फोनः 011–28758374/ 2875375/ 76/ 77
ई–मेलः delhido@kvbmail.com

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

ई–मेल : annainfra@gmail.com,
वेबसाइट : www.annainfrastructures.com,
टेलीफोन : 0562-2526650

सूचना

सेबी (सूचीयन अनिवार्यताएं एवं प्रगटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियमन 29 सपठित विनियमन 47 के अनुसरण में एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मण्डल की एक बैठक **दिनांक 13 नवम्बर, 2019 (दिन बुधवार) को दोपहर 1.00 बजे** कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय पर कम्पनी के दिनांक 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त हुई तिमाही हेतु अलेखापरिक्षित वित्तीय परिणामों को विचार करने, अनुमोदित करने एवं अभिलेखबद्ध किये जाने हेतु अयोजित की गयी है। उक्त सूचना कम्पनी की बेबसाइट www.annainfrastructures.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की बेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
अन्ना इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
हस्ता./–
कंचन अग्रवाल
(कम्पनी सचिव)

स्थान : आगरा
तिथि : 30.10.2019

ICICI PRUDENTIAL MUTUAL FUND TARAKKI KAREIN!

ICICI Prudential Asset Management Company Limited

Corporate Identity Number: U99999DL1993PLC054135

Registered Office: 12th Floor, Narain Manzil, 23, Barakhamba Road, New Delhi - 110 001.
Corporate Office: One BKC, 13th Floor, Bandra Kurla Complex, Mumbai - 400 051.
Tel.: +91 22 2652 5000, Fax: +91 22 2652 8100, Website: www.iciciprumf.com,
Email id: enquiry@icicipruamc.com
Central Service Office: 2nd Floor, Block B-2, Nirlon Knowledge Park, Western Express Highway, Goregaon (E), Mumbai - 400 063. Tel.: 022 2685 2000 Fax: 022 26868313

Notice to the Investors/Unit holders of ICICI Prudential Mutual Fund (the Fund)
Half-Yearly Unaudited Financial Results of the schemes of the Fund

NOTICE is hereby given that the Unaudited Financial Results (the Results) of the schemes of the Fund for the half-year ended September 30, 2019 have been hosted on the website of ICICI Prudential Asset Management Company Limited (the AMC) viz. www.icicipruamc.com, in accordance with Regulation 59 of SEBI (Mutual Funds) Regulations, 1996.

Investors may accordingly view/download the results from the website of the AMC.

For ICICI Prudential Asset Management Company Limited

Place : Mumbai — Sd/-
Date : October 31, 2019 — **Authorised Signatory**

No. 021/10/2019

To know more, call 1800 222 999/1800 200 6666 or visit www.iciciprumf.com

As part of the Go Green Initiative, investors are encouraged to register/update their e-mail id and mobile number to support paper-less communications.

To increase awareness about Mutual Funds, we regularly conduct Investor Awareness Programs across the country. To know more about it, please visit https://www.iciciprumf.com or visit AMFI's website https://www.amfiindia.com

Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.

1st Additional Civil Judge (Sr. Div.) Dehradun

अदालती सूचना

आज्ञा से अतिरिक्त सिविल जज प्रथम (सीनियर डिविजन) देहरादून

न्यायालय सिविल जज प्रथम (सीनियर डिविजन) देहरादून

वाद संख्या 86 — वर्ष 2016

पंजाब नेशनल बैंक बनाम श्री सचिन शर्मा व एक अन्य

नोटिस बनाम:-

1. श्री सचिन शर्मा पुत्र श्री वी0पी0 शर्मा प्रोपराइटर बासील इण्डिया कारपोरेशन, 181 खुडबुडा मौहल्ला नियर दुर्गा मन्दिर देहरादून।
2. श्री दीपक अग्रवाल पुत्र श्री गोपाल निवासी 96/108 मोती बाजार देहरादून। ... प्रतिवादीगण

चूंकि वादी ने आपके विरूद्ध ऋण की वसूली हेतु वाद संस्थित किया है। वाद में दिनांक 5.11.2019 प्रतिवाद पत्र प्रस्तुत करने एवं तनकीह हेतु नियत है। अतएव आपको एतदद्वारा आहुत किया जाता है कि आप या तो स्वयं या ऐसे अभिवक्ता द्वारा जो सम्यक रुपेण अनुदिष्ट है और वाद सम्बन्धी सब सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है, उपरोक्त वर्णित दिवस को 10 बजे दिन में न्यायालय में उपसंजात हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका कि अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है।

आपको यह सूचना दी जाती कि पूर्व वर्णित दिवस को आपकी उपसंजाति में चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 5 माह 10 सन 2019 को जारी किया गया।

प्रबन्धक
न्यायालय सिविल जज प्रथम (सीनियर डिविजन) देहरादून।

प्रपत्र सं. आइएनसी-26

[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]

कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय एक राज्य से दूसरे राज्य में अंतरित करने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन

केन्द्रीय सरकार से पहले (क्षेत्रीय निदेशक), उत्तरी क्षेत्र कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, नई दिल्ली

कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में, कंपनी अधिनियम 2013 और नियम की धारा 13 (4)

और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (6)(ए) तक लिधि मे संशोधन किया गया

और

फ्रैग्रेन्स ड्रीम होम्स प्राईवेट लिमिटेड

(CIN: U45400DL2012PTC232681)

जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : प्रॉपर्टी नं. 44, सूर्य निकेतन, दिल्ली-110092 में स्थित है

......याचिकाकर्ता

सूचना

आम जनता को यह नोटिस दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से उत्तर प्रदेश राज्य में स्थानांतरित करने के लिए तारीख सोमवार 14 अक्टूबर, 2019 को आयोजित असाधारण अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ मे कंपनी के संगम ज्ञापन मे संशोधन की पुष्टि की मांग की गई हैं।

कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररुप फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति प्रादेशिक निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनो के भीतर बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके उपरोक्त रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगा।

बोर्ड की ओर से
फ्रैग्रेन्स ड्रीम होम्स प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता/-
विजय गर्ग
(निदेशक)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 31.10.2019 — डीआईएन : 01509964

सेनल्यूब इंडस्ट्रीज लि.

पंजीकृत कार्यालयः प्लाट नं. 233-234, सेक्टर-58, बल्लभगढ़, फरीदाबाद-121004, (हरियाणा)
फोन नं.: 08826794470,71,72,73,
वेबसाईट: www.cenlub.in,
ई-मेल: cenlub@cenlub.in
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L67120HR1992PLC035087

14 नवम्बर, 2019 को आयोजित होने के लिये निर्धारित बोर्ड के बैठक की सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 29 के अनुसार हम, आपको सूचित करना चाहते हैं कि सेनल्यूब इंडस्ट्रीज लि. के निदेशक मंडल की एक बैठक गुरुवार, 14 नवम्बर, 2019 को 4.00 बजे अप. में पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 233 एवं 234, सेक्टर-58, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा-121004 में आयोजित की जायेगी जिसमें अन्य विषयों के अलावे 30.9.2019 को समाप्त तिमाही तथा छमाही के लिये कम्पनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किये जाएंगे।

पुनः भारतीय प्रतिभूति और विनियमन बोर्ड (इन्सायडर ट्रेडिंग निषेध) विनियमन, 2015 के अनुपालन में निर्मित इन्सायडरों द्वारा ट्रेडिंग के विनियमन, निगरानी तथा रिपोर्टिंग के लिये कम्पनी की आंतरिक आचार संहिता के अनुपालन में कम्पनी की प्रतिभूतियों में कारोबार के लिये ट्रेडिंग विण्डो सभी विनिर्दिष्ट व्यक्तियों (कम्पनी के प्रवर्तकों तथा निदेशकों सहित) के लिये 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही तथा छमाही के लिये कम्पनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा के उद्देश्य से 1 नवम्बर, 2019 से स्टॉक एक्सचैंजों के लिये कम्पनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा के 48 घंटे बाद अर्थात् 16 नवम्बर, 2019 (दोनों दिवस सहित) तक बंद रहेंगे।

सेनल्यूब इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिये
हस्ता./-
(वी. के. मित्तल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थानः फरीदाबाद
तिथिः 30.10.2019 **(DIN: 00006398)**

वसूली अधिकारी–I का कार्यालय
ऋण वसूली न्यायाधिकरण–III, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, पटेल चौक, नई दिल्ली–110001

आर.सी. सं. 663/2018 — बिक्री उद्घोषणा — दिनांक: 14.10.2019

बैंक तथा वित्तीय संस्थाओं के बकाया ऋण की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 38, 52(2) के तहत बिक्री की उद्घोषणा
बैंक ऑफ इंडिया बनाम मैसर्स वी. वी. ज्वैलर्स (पी) लिमिटेड व अन्य

सेवा में,

सीडी नं.1. मैसर्स वी. वी. ज्वैलर्स (पी) लिमिटेड
इसके निर्देशकों के माध्यम से
विशाल वैश्य, प्रिया वैश्य,
पंजीकृत कार्यालयः 3128, गली नं. 34, दूसरी मंजिल, बीडन पुरा, करोल बाग, नई दिल्ली–110005
इसके अलावाः 2578–79, दूसरी मंजिल, गली नं. 5, बीडन पुरा, करोल बाग, नई दिल्ली – 110005

सीडी नं. 2. विशाल वैश्य, पुत्र गौरी शंकर,
(निर्देशक/गारंटर)
पता बी–5बी, अवंतिका एन्क्लेव, सेक्टर – 2, रोहिणी, दिल्ली 110085
इसके अलावाः ए–126, पॉकेट – 00, सेक्टर – 2, तीसरी मंजिल, रोहिणी, दिल्ली – 110085

सीडी नं. 3. प्रिया वैश्य, पत्नी विशाल वैश्य, (निर्देशक/गारंटर)
पता बी–5 बी, अवंतिका एन्क्लेव, सेक्टर – 2, रोहिणी, दिल्ली – 110085
इसके अलावाः ए–126, पॉकेट – 00, सेक्टर – 2, तीसरी मंजिल, रोहिणी, दिल्ली – 110085

जैसा कि पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, दिल्ली द्वारा जारी **ओए नं. 308/2016/डीआरटी–III** में रिकवरी प्रमाणपत्र के अनुसार आपके द्वारा देय **रु. 1,17,66,927.98/– (रुपये एक करोड़ सत्रह लाख छियासठ हजार नौ सौ सत्ताईस और अठानवे पैसे मात्र)** के साथ तिथि 29.03.2016 से अनुषांगिक खर्चे तथा उस पर 12% प्रति वर्ष की दर से ब्याज के साथ सम्पूर्ण वसूली भुगतान करने में विफल रहे हैं।

तथा जैसा कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रमाण पत्र की संतुष्टि के लिए नीचे तालिका में वर्णित सम्पत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि स्थगन आदेश की अनुपस्थिति में **06.12.2019 को 3.00 बजे अप. से 4 बजे** के बीच (यदि जरूरी हो, समाप्ति से पूर्व अंतिम 5 मिनट में बोली के मामले में स्वतः विस्तार उपबंध के साथ) ई–नीलामी द्वारा उक्त संपत्ति की बिक्री की जाएगी तथा यह बोली **"ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बोली" द्वारा सेवा प्रवक्ता मैसर्स सी –1 इंडिया प्रा. लिमिटेड, उद्योग विहार, फेज 2, बिल्डिंग नंबर 301, गुड़गाँव, हरियाणा (भारत) फोनः +91 7291981124/25/26 संपर्क व्यक्ति श्री विनोद चौहान, मोबाइल नंबर 9813887931 ईमेलः support@bankeauctions.com, वेबसाइट https://www.bankeauctions.com पर संपर्क करें।**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: श्री नीरज रस्तोगी, सीएच बैंक के अधिकारी, मोबाइल नं 9871286176

यह बिक्री नीचे तालिका में नामित उपरोक्त प्रतिवादियों की संपति की होगी तथा उक्त संपति से जुड़ी देयताएं एवं दावें, जो अब तक सुनिश्चित है, वे प्रत्येक लॉट के समक्ष अनुसूची में निर्दिष्ट हैं।

ऐसे किसी भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति बिक्री के सिलसिले में कोई कर्तव्य निर्वहन का दायित्व हो, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, वे बेची जा रही संपति को अर्जित करने के लिए बोली लगाने या कोई हित अर्जित करने के लिए प्रयास करने में अक्षम होंगे। यह बिक्री आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची में निर्दिष्ट शर्तों तथा उसके अतर्गत निर्मित नियमों तथा आगे की निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।

संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत की गई है, लेकिन, इस उद्घोषणा में किसी गलती, त्रुटि अथवा खामी के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होंगे।

1. संपत्तियों का विवरण, आरक्षित मूल्य और ईएमडी निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य/ईएमडी
1.	वाणिज्यिक संपत्तियों दो दुकानें दर्ज पीवीटी नंबर 3 और 4 दक्षिणी ओर, सुपर एरिया मापदंड 106.7 वर्ग फुट प्रत्येक दुकान तीसरी मंजिल पर, बिना छत/छत के साथ फ्री होल्ड प्रॉपर्टी के अधिकार नगर निगम नंबर 2519–20, गली नंबर 7, वार्ड नंबर XVI, खसरा नंबर 2121/297, बीडनपुरा, करोल बाग, नई दिल्ली में स्थित (प्लॉट क्षेत्र मापदंड 83 स्क्वायर यार्ड)।	रू.16,00,000/– (रूपये सोलह लाख मात्र) ईएमडीः 1,60,000/– (रूपये एक लाख साठ हजार मात्र)

संपत्ति को आरक्षित मूल्य से कम में नहीं बेचा जायेगा।

2 वह राशि जिसके द्वारा बोली बढ़ाई जाएगी **रु. 50,000/– (रुपए पचास हजार मात्र)** है।यदि बोली राशि अथवा बोलीदाता से सबंधित कोई विवाद उत्पन्न होता है तो लॉट को फिर से बिक्री पर लगाया जाएगा।

3. उच्चतम बोली लगाने वाले को सफल उच्चतम बोलीदाता घोषित किया जाएगा।यदि प्रस्तावित मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त होता है तथा ऐसा करना व्यवहारिक नहीं होता है तो अधोहस्ताक्षरी स्वेच्छा से उच्चतम बोली को स्वीकार/अस्वीकार कर सकते हैं।

4. ईएमडी का भुगतान **04.12.2019 तक रिकवरी अधिकारी–I, ऋण वसूली अधिकरण–III, दिल्ली के पक्ष में देय डीडी/पे आर्डर द्वारा मुहरबंद लिफाफे में जमा किया जायेगा।** उसके बाद जमा की गई ईएमडी पर ई–नीलामी में भागीदारी के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

5. बोली आवेदन के साथ पैन कार्ड की प्रति, निवास के प्रमाण तथा पहचान के प्रमाण, ई–मेल आईडी, मोबाईल न. तथा यदि वे अपनी ओर से या अपने प्रधान की ओर से बोली कर रहे हो तो उद्घोषणा जमा किया जायेगा। बाद में मामले में उन्हें उसका प्राधिकार जमा करना होगा अन्यथा बोली निरस्त कर **दी** जायेगी तथा कंपनी के मामले में कंपनी के बोर्ड के सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति अथवा कंपनी की प्रतिनिधित्व/अटार्नी की पुष्टि करने वाले अन्य कोई दस्तावेज तथा उस जमा की रसीद/काउंटर फाइल सेवा प्रदाता अथवा सीएच के पास ई–मेल या अन्य रूप से उक्त तिथि तक पहुँच जाए तथा उसकी हार्ड कॉपी, **रिकवरी अधिकारी– I, डीआरटी–III, दिल्ली** के पास जमा की जायेगी।

6 सफल उच्चतम बोलीदाता को अगले कार्य दिवस के **3.00 बजे अप. तक ऊपर पैरा में वर्णित विवरणों के अनुसार** उक्त खाता में ईएमडी समायोजित करने के बाद अपनी **अंतिम बोली राशि के 25% का भुगतान** करना होगा।

7. सफल उच्चतम बोलीदाता को संपति की **बिक्री की तिथि से 15वें दिन या उससे पूर्व** तथा यदि **15वां दिन अवकाश या रविवार होता** है तो 15वें दिन के बाद प्रथम बैंक कार्य दिवस में ऊपर पैरा 4 में वर्णित निर्धारित प्रक्रिया में अतिम बोली राशि के **शेष 75% का भुगतान** करना होगा। उपरोक्त के अतिरिक्त क्रेता को **रु. 1000/– तक 2% की दर से तथा रु. 1000/– की उक्त राशि के अधिक पर 1% की दर से रजिस्ट्रार, डीआरटी–III, दिल्ली के पक्ष में डीडी के माध्यम से रिकवरी अधिकारी– I, डीआरटी–III, दिल्ली के पास पाउंडेज शुल्क** का भी भुगतान करना होगा।

8. **संपत्ति दिनांक 29.11.2019 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे** तक इच्छुक बोलीदाताओं के लिए निरीक्षण के लिए खुली रहेगी।

9. निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक करने पर बिक्री की नई उद्घोषणा जारी करने के बाद संपत्ति की फिर से बिक्री की जाएगी। बिक्री के खर्चे को डेफ्रे करने के बाद यदि अधोहस्ताक्षरी उपयुक्त समझते हैं तो जमा की गई राशि सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जाएगी तथा चूक करने वाले क्रेता उस संपत्ति अथवा उस राशि जिसके लिए बाद में उसकी बिक्री की जाएगी के प्रति अपने सभी दावे से वंचित हो जाएंगे। बिक्री की नई उद्घोषणा जारी करने के बाद संपत्ति की फिर से बिक्री की जायेगी। पुनः क्रेता अपनी अंतिम बोली राशि तथा उस राशि जिसके लिये बाद में उसकी बिक्री की जायेगी, के बीच के अंतर की भरपाई करने के लिये उत्तरदायी होंगे।

10. संपति की बिक्री **"जैसा है जहाँ है तथा जो भी वहां है आधार पर"** की जा रही हैं।

11. अधोहस्ताक्षरी के पास अनुपयुक्त पाए जाने पर किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार व अस्वीकार करने अथवा किसी भी समय, बिना कोई कारण बताए, नीलामी प्रास्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

12. इस स्तर पर अधोहस्ताक्षरी की जानकारी में संपत्तियों के खिलाफ राजस्व/अतिक्रमण या दावे का कोई विवरण नहीं है। हालांकि, भावी बोलीदाताओं को ईएमडी जमा करने से पहले, स्वैच्छिक से बिजली/पानी/हाउस टैक्स के बिलों या किसी अन्य नकदीकरण आदि की बकाया राशि की जानकारी करने की सलाह दी जाती है।

13 असफल बोलीदाताओं को निर्देश दिया जाता है कि अपने ईएमडी के रिफंड के लिये आरसी की सुनवाई की निर्धारित तिथि को अथवा उससे पूर्व डीआरटी–III की रजिस्ट्री में पहचान के प्रमाण के साथ आवेदन दाखिल करें जो तदनुसार आरसी की सुनवाई की निर्धारित/परवर्ती तिथि को वापस लौटाई जायेगी।

14. सीएच बैंक को यहां ऊपर दिए विवरण की सत्यता की जांच तथा प्रमाणित करने का निर्देश दिया जाता है।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर के साथ दिनांक 14.10.2019 को जारी किया गया।

(अनिल कुमार यादव)
रिकवरी अधिकारी– I,
डीआरटी–III, दिल्ली

एआरए हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड

सीआईएन : U55101DL2004PTC127156, टी : +91 (0) 4351 3100, एफ : +91 (0) 4351 3200
पंजी. कार्यालयः सेन्ट्रल विंग, ग्राउण्ड फ्लोर, थापर हाउस, 124, जनपथ, नई दिल्ली– 110001
ई–मेल : secretarial@interglobe.com

प्रपत्र सं. 151
(नियम 315 देखें)
सदस्यों का स्वैच्छिक समापन धारा 516 के अनुसरण में परिसमापक की नियुक्ति की सूचना

कम्पनी का नाम	एआरए हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड
व्यवसाय का प्रकार	होटल्स, रेस्टोरैंट्स, कैफेज, टेवर्न्स, मोटल्स, गेस्ट हाउस, डाक बंगलों तथा रिफ्रेशमेंट रूम्स का प्रबंधन, प्रचालन
पंजीकृत कार्यालय का पता	सेन्ट्रल विंग, ग्राउण्ड फ्लोर, थापर हाउस, 124, जनपथ, नई दिल्ली–110001
परिसमापक का नाम और पता	श्री शैलेन्द्र गुप्ता एल–5बी, प्रथम फ्लोर, प्लॉट नं. 853, शालीमार गार्डन, एक्सटेंशन 1, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201005
नियुक्ति की तिथि	04 अक्टूबर, 2019
किसके द्वारा नियुक्त	सदस्यगण/अंशदातागण

मैं एतद्द्वारा परिसमापक के रूप में नियुक्ति स्वीकार करता हूं।

वास्ते एआरए हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता./–
शैलेन्द्र गुप्ता
परिसमापक

स्थान : गुड़गांव
तिथि : 4 अक्टूबर, 2019

आईजीटी सॉल्यूशन्स इंटरनैशनल प्राइवेट लिमिटेड

सीआईएन : U74140HR2010PTC043445, टी : +91 124 4352034, एफ : +91 124 2367564
ई–मेल : secretarial@interglobe.com
पंजी. कार्यालय : ब्लॉक 2बी, डीएलएफ कार्पोरेट पार्क, डीएलएफ सिटी फेज–III, गुड़गांव– 122002

प्रपत्र सं. 151
(नियम 315 देखें)
सदस्यों का स्वैच्छिक समापन धारा 516 के अनुसरण में परिसमापक की नियुक्ति की सूचना

कम्पनी का नाम	आईजीटी सॉल्यूशन्स इंटरनैशनल प्राइवेट लिमिटेड
व्यवसाय का प्रकार	टीपीएफ विकास के क्षेत्रों में प्रोग्राम्स डिजाइन, विकास, क्रय और विक्रय हेतु सॉफ्टवेयर कंसल्टेंट का व्यवसाय
पंजीकृत कार्यालय का पता	ब्लॉक 2बी, डीएलएफ कार्पोरेट पार्क, डीएलएफ सिटी फेज–III, गुड़गांव – 122002
परिसमापक का नाम और पता	श्री शैलेन्द्र गुप्ता एल–5बी, प्रथम फ्लोर, प्लॉट नं. 853, शालीमार गार्डन, एक्सटेंशन 1, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201005
नियुक्ति की तिथि	04 अक्टूबर, 2019
किसके द्वारा नियुक्त	सदस्यगण/अंशदातागण

मैं एतद्द्वारा परिसमापक के रूप में नियुक्ति स्वीकार करता हूं।

वास्ते आईजीटी सॉल्यूशन्स इंटरनैशनल प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता./–
शैलेन्द्र गुप्ता
परिसमापक

स्थान : गुड़गांव
तिथि : 4 अक्टूबर, 2019

युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया — United Bank of India
The Bank that begins with "U"

नई दिल्ली क्षेत्र, पी–9/90 कनॉट सर्कस, नई दिल्ली–110001

ई–नीलामी बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों की ई–नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने और गारंटरों और प्रत्याभूति – दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी / प्रभारित है, का (रचनात्मक क्र.सं. 4, 5, 6, 7) और वास्तविक कब्जा क्र.सं. 1, 2, 3) युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर प्रतिभूत लेनदार की रूपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्नांकित दिनांकों को बेचा जाएगा। प्रत्येक संपत्ति के लिए आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा (EMD) राशि नीचे दी गई है।

क्र.सं. 1 से 5 हेतु ई–नीलामी की तिथि: 16.11.2019 और क्र.सं. 6 और 7 हेतु ई–नीलामी की तिथि: 03.12.2019
ई–नीलामी का समय : पूर्वाह्न 11.30 बजे से अर्पा. 3.30 बजे तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ

धरोहर राशि और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि : (क) ई–नीलामी दिनांक 16.11.2019 हेतु 15.11.2019 (अर्पा. 5.00 बजे तक) (ख) ई–नीलामी दिनांक 03.12.2019 हेतु 02.12.2019 (अर्पा. 5.00 बजे तक)

सम्पत्ति का निरीक्षण दिनांक 12.11.2019 को अर्पाह्न 02.00 से 04.00 बजे तक के बीच में किया जा सकता है।

बैंक को ज्ञात संपत्ति/यों पर समेकन का विवरण : ज्ञात नहीं

क्र. सं.	शाखा का नाम, कर्जदार/गारंटर्स का नाम एवं पता	स्थान और सम्पत्ति का विवरण	13 (2) के अनुसार बकाया राशि, जिसके लिए संपत्ति बेची जा रही है	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बोली वृद्धि राशि	खाते का विवरण सम्पर्क विवरण
1	एसएएमबी दिल्ली शाखा क) श्रीमती रेखा राई पत्नी श्री मनोज कुमार ठाकुर ख) श्री मनोज कुमार ठाकुर, जे–118/5, द्वितीय तल, सौरव विहार जैतपुर, बदरपुर, नई दिल्ली–110044 पता 2: फ्लैट नं. एफ–02, प्लॉट नं. सी–29 डीएलएफ दिलशाद एक्स.–II, भोपुरा गाजियाबाद, यूपी – 201005	साम्यिक बंधक अचल सम्पत्ति एफ–2, प्लॉट नं. सी–29, डीएलएफ, दिलशाद एक्सटेंशन – II, भोपुरा, गाजियाबाद, यू. पी. – 201015 में स्थित	रु. 20,68,584.00 दिनांक 10.09.2017 से ब्याज और आकस्मिक खर्चे एवं अन्य प्रभार	₹ 17.98 लाख ₹ 1.80 लाख ₹ 0.25 लाख	खाता नं. 15100125001100, IFSC- UTBI0ARD778,, खाते का नाम – युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया एसएएमबी दिल्ली (Inter Branch Credit Account) श्री प्रभात कुमार सत्पथी 9354483568 (M) और श्री एस. स्वामिनाथन 7738228579(M) ईमेल - bmard@unitedbank.co.in
2	एसएएमबी दिल्ली शाखा मैसर्स कल्पवृक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स, पता–एनजे–229, सैक्टर–3, बावाना, दिल्ली –110038 पार्टनर्स : 1) श्री नवेंदू बब्बर, 2) श्री कश्मीरी लाल बब्बर,	रिहायशी सम्पत्ति प्लॉट नं. 167, प्रथम तल, ब्लॉक–ए, झिलमिल, ताहीरपुर रिहायशी स्कीम कॉलोनी, फेज–1, विवेक विहार, दिल्ली – 110095 में स्थित, यह सम्पत्ति नवेंदू बब्बर और कशमीरी लाल बब्बर के नाम पर है।	रु. 99,71,589.00 दिनांक 01.07.2017 से ब्याज और आकस्मिक खर्चे एवं अन्य प्रभार	₹ 72.90 लाख ₹ 7.30 लाख ₹ 0.50 लाख	खाता नं. 15100125001100, IFSC- UTBI0ARD778, खाते का नाम – युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया एसएएमबी दिल्ली (Inter Branch Credit Account) श्री प्रभात कुमार सत्पथी 9354483568 (M) और श्री एस. स्वामिनाथन 7738228579 (M) ईमेल - bmard@unitedbank.co.in
3	मैसर्स मुस्कान इंटरनेशनल श्री देविंदर सिंह सोढ़ी (प्रोपराईटर), ए–2/4, फेज– I, मायापुरी औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली–110064	साम्यिक बंधक रिहायशी सम्पत्ति फ्लैट नं. 15, तृतीय तल, किंग्स अपार्टमेंट, पंचवटी काम्पलैक्स जोकि मौजा मंडलगन्टी आर. एस. दाग नं. 132, जे. एल. नं. 06 वीआईपी रोड तेघारिया, अर्जनपुर–गोपालपुर नं. II ग्राम पंचायत के क्षेत्राधिकार के तहत, ए डी एस आर ओ बिधन नगर (साल्ट लेक सिटी), पी. एस. बगुआती, कोलकाता–700059	रु. 77,70,769/- दिनांक 30.11.2016 से ब्याज और आकस्मिक खर्चे एवं अन्य प्रभार	₹ 30.00 लाख ₹ 3.00 लाख ₹ 0.50 लाख	खाता नं. 15100125001100, IFSC- UTBI0ARD778, खाते का नाम – युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, एसएएमबी दिल्ली (Inter Branch Credit Account) श्री प्रभात कुमार सत्पथी 9354483568 (M) और श्री एस. स्वामिनाथन 7738228579 (M) ईमेल - bmard@unitedbank.co.in
4	एसएएमबी दिल्ली शाखा मैसर्स युवराज ईको टूरिस्म ईको प्रा. लि. पताः मानपुर (वैस्ट) रामपुर रोड, हल्दवानी–263153 जिला नैनीताल उत्तराखण्ड निदेशकः 01) श्री मोहित सिंह नेगी 02) श्रीमती माधुरी नेगी	साम्यिक बंधक भूमि एवं भवन जिसका भूमि एवं भवन, खाता नं. 136 और खेत नं. 41/1, 43 गाँव मानपुर पश्चिम, परगना भंवर, रामपुर रोड ट्रांसपोर्ट नगर के पास, देवाल चौक हल्दवानी नैनीताल, क्षेत्रफल 0.57 हैक्ट (लगभग 5692 वर्ग मी.) यह सम्पत्ति संयुक्त रूप से लक्ष्मण सिंह नेगी सुश्री माधुरी नेगी और मास्टर रोहन और मास्टर युवराज दोनो पुत्र श्री मोहित सिंह नेगी के नाम पर गाँव मानपुर वैस्ट तहसील हल्दवानी जिला नैनीताल में पंजीकृत	रु. 7,75,54,120.50 साथ में ब्याज और आकस्मिक खर्चे एवं अन्य प्रभार	₹ 15.89 करोड़ ₹ 1.60 करोड़ ₹ 1.00 लाख	खाता नं. 15100125001100, IFSC- UTBI0ARD778 खाते का नाम – युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया एसएएमबी दिल्ली (Inter Branch Credit Account) श्री प्रभात कुमार सत्पथी 9354483568 (M) और श्री एस. स्वामिनाथन 7738228579 (M) ईमेल - bmard@unitedbank.co.in
5	बबलू कुमार पांडे और रंजू पांडे (कर्जदार) पताः एमआईजी फ्लैट नं. एफएफ–03 प्रथम तल, (रियर साइड) प्लॉट नं. एम–120 सैक्टर–12, प्रताप विहार, गाजियाबाद, यू.पी	साम्यिक बंधक एमआईजी फ्लैट नं. एफएफ–03 प्रथम तल, (पीछे की तरफ) प्लॉट नं. एम–120, सैक्टर–12, प्रताप विहार, गाजियाबाद, यू.पी. –201010 में स्थित	रु. 20,07,932.00 दिनांक 01.08.2018 से ब्याज और आकस्मिक खर्चे एवं अन्य प्रभार	₹ 22.61 लाख ₹ 2.26 लाख ₹ 0.25 लाख	खाता नं. 15100125001100, IFSC- UTBI0ARD778, खाते का नाम – युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, एसएएमबी दिल्ली (Inter Branch Credit Account) श्री प्रभात कुमार सत्पथी 9354483568 (M) और श्री एस. स्वामिनाथन 7738228579 (M) ईमेल - bmard@unitedbank.co.in
6	मैसर्स महादेव स्टेशनर्स एंड ट्रेडर्स प्रोप. श्री अजय सिन्हा RZ-121/213 (पुराना–121) गली नं. 8, I ब्लॉक, वैस्ट सागरपुर, दिल्ली–110046 उधारकर्ताः श्री अजय सिन्हा RZ-429/3 स्ट्रीट नं. 11 कैलाश पुरी एक्स. पालम, दिल्ली–110046 गारंटरः श्रीमती तनु सिन्हा RZ-429/3, स्ट्रीट नंबर 11 कैलाश पुरी एक्स. पालम, दिल्ली –110046	साम्यिक बंधक भूतल आरजेड – 221/213 (पुराना नं. 121), खसरा नं. 213, गाँव – नासीरपुर जिसे अब वैस्ट सागरपुर कहते हैं, नई दिल्ली–110046 में स्थित	रु. 26,05,604.24 साथ में ब्याज और आकस्मिक खर्चे एवं अन्य प्रभार	₹ 20.30 लाख ₹ 2.03 लाख ₹ 1.00 लाख	खाता नं. 15100125001100, IFSC- UTBI0ARD778,, खाते का नाम – युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, एसएएमबी दिल्ली (Inter Branch Credit Account) श्री प्रभात कुमार सत्पथी 9354483568 (M) और श्री एस. स्वामिनाथन 7738228579 (M) ईमेल - bmard@unitedbank.co.in
7	मैसर्स एच.एस. एंड कंपनी प्रोप. श्री हरवीर सिंह बी–201, ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज–1 नई दिल्ली–110020 उधारकर्ताः श्री हरवीर सिंह पुत्र स्व. बदले राम बी–201, ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज–1 नई दिल्ली–110020 गारंटरः श्रीमती सुमन पत्नी श्री हरवीर सिंह, मकान नं. 1279 सैक्टर–37, फरीदाबाद–121003	साम्यिक बंधक रिहायशी मकान नं. 1279, सम्पूर्ण भूतल और प्रथम तल, सैक्टर–37, अरबन ईस्टेट फरीदाबाद, हरियाणा – 121003 में स्थित	रु. 87,77,486.00 साथ में ब्याज और आकस्मिक खर्चे एवं अन्य प्रभार	₹ 135.00 लाख ₹ 13.50 लाख ₹ 1.00 लाख	खाता नं. 15100125001100, IFSC- UTBI0ARD778,, खाते का नाम – युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, एसएएमबी दिल्ली (Inter Branch Credit Account) श्री प्रभात कुमार सत्पथी 9354483568 (M) और श्री एस. स्वामिनाथन 7738228579 (M) ईमेल - bmard@unitedbank.co.in

नियम एवं शर्तें :

*सरकारी नियमानुसार जीएसटी लागू

1. ई–नीलामी ऊपर दिये समय पर स्वतः चालू हो जायेगी।
2. सम्पत्ति, बैंक के प्राधिकृत अधिकारी की देखरेख में बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **मैसर्स अंतरेस सिस्टम्स लिमिटेड** के माध्यम से वेबसाईटः **www.bankeauctionwizard.com** पर ई–नीलामी द्वारा बेची जाएगी।
3. ई–नीलामी दस्तावेज, जिनमें बिड फार्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें दी गई हैं, **www.bankeauctionwizard.com** में उपलब्ध हैं, से डॉउनलोड कर सकते है या इच्छुक प्रतिभागी ई–नीलामी में भाग लेने के लिए सेवा प्रदाता **मैसर्स अंतरेस सिस्टम्स लिमिटेड** मो. **7503347659** (फोन नं. **080-40482000**) - हैल्पलाईन ईमेल : **mail@antaressystems.com & pushpraj@antaressystems.com** पर सम्पर्क कर सकते हैं।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को एक वैध ई–मेल आईडी होना अनिवार्य है। उपयोगकर्ता आईडी/पासवर्ड और प्रशिक्षण केवल उन बोलीदाताओं को **मैसर्स अंतरेस सिस्टम्स लिमिटेड** द्वारा प्रदान किया जाएगा जो सभी नियमों और शर्तो को पूरा करते हैं और जिन्होंने बैंक के साथ अपेक्षित ईएमडी जमा किया है। ईमेल आईडी के द्वारा उपयोगकर्ता आईडी/पासवर्ड बोलीदाताओं को सूचित किया जाएगा।
5. धरोहर राशि (ईएमडी) और केवाईसी दस्तावेजों के प्रमाण के साथ बोली फॉर्म (पैन कार्ड की प्रतिलिपि, पहचान का प्रमाण) अर्थात वोटर–आई–कार्ड, / ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट आदि की स्वप्रमाणित प्रति) और पते के प्रमाण की प्रति, युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी को प्रस्तुत किया जा सकता है, ई–मेल के माध्यम से प्रत्येक संपत्ति के समक्ष उल्लिखित अंतिम तिथि पर या उससे पहले जमा किया जाना चाहिए। किसी भी कारण से विलम्ब से प्राप्त बिड फार्म तथा ईएमडी स्वीकार नहीं की जाएगी। बैंक के पास कोई भी कारण बताए बगैर किसी भी या सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिड फार्म, बिक्री के नियम व शर्तें बैंक के पोर्टल (www.unitedbankofindia.com) से प्राप्त की जा सकती है।
6. ईएमडी रहित बिड फार्म तत्काल अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
7. ई–नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए ईएमडी जमा करने वाले बोलीदाता यदि किसी भी कारण से नीलामी की तारीख में भाग लेने में विफल रहे, तो जमा की गई ईएमडी स्वचालित रूप से जब्त कर ली जाएगी।
8. किसी कारण से बिक्री के पहले या बाद में बिक्री को रद्द करने की स्थिति में बोली लगाने वाले के पास बैंक के खिलाफ ब्याज सहित किसी भी प्रकृति का कोई दावा नहीं होगा। किसी भी कारण या संपत्ति के कब्जे के संबंध में बिक्री/प्रमाण पत्र/बिक्री प्रमाण पत्र की पुष्टि में देरी की स्थिति में या बोली लगाने वाले के न्यायालय के आदेशों के कारण बैंक के समक्ष ब्याज सहित किसी भी प्रकार का दावा नहीं होगा। यह दोहराया गया है और स्पष्ट किया गया है कि सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान की गई राशि किसी भी ब्याज को वहन नहीं करेगी और इस तरह किसी भी परिस्थिति में बोलीदाताओं द्वारा ब्याज के भुगतान के लिए कोई दावा नहीं किया जा सकता है।
9. सम्पत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी। इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य से अधिक मूल्य का उद्धरण करना होगा। सम्पत्ति सर्वोच्च बोलीदाता को बेची जाएगी, उक्त सर्वोच्च बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) तत्काल अर्थात उसी दिन या अगले कार्यकाल दिवस के बाद नहीं तक जमा करनी होगी और उक्त सर्वोच्च बोलीदाता को खरीद मूल्य की शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 (पंद्रह) दिन अथवा नोटिस दिये बिना ऐसी आगे बढ़ाई गई अवधि के भीतर जमा करनी होगी, जिसकी लिखित रूप में अनुमति दी गई है।
10. सफल बोलीदाता को शेष बोली राशि ईएफटी/एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी/पी ओ द्वारा उपरोक्त खाता संख्या में जमा करना होगा।
11. निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में जमा राशि और धरोहर राशि और/या प्रारम्भिक जमा राशि जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति दोबारा बेची जाएगी। उच्च बोलीदाता / सफल क्रेता का उपरोक्त सम्पत्ति पर कोई अधिकार नही होगा।
12. असफल बोलीदाताओं का ईएमडी उसी दिन वापस कर दिया जाएगा, अर्थात बिक्री के समापन के बाद हर दशा में अधिकतम 7 दिनों के भीतर। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
13. बिक्री मूल्य की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात सफल क्रेता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र (बोली प्रपत्र के अनुसार) जारी किया जायेगा।
14. संपत्ति "जहां है और जो भी है" के रूप में बेची जाएगी और इच्छुक बोलीदाताओं को किसी भी दावे / अदालत के मामले /मुकदमेबाजी, बैंक के प्रभार के अलावा किसी भी प्राधिकरण की संपत्ति पर आरोपों के संबंध में विवेकपूर्ण पूछताछ करनी चाहिए और बोलियां जमा करने से पहले संपत्ति के शीर्षक, सीमा, गुणवत्ता और मात्रा के बारे में खुद को संतुष्ट करना चाहिए। बिक्री के लिए लगाई गई संपत्ति, किसी भी संपत्ति पर या किसी अन्य मामले आदि पर लगाए गए आरोपों के बारे में कोई भी दावा, बोली प्रस्तुत करने के बाद, विचार नहीं किया जाएगा। संभावित बोली लगाने वालों को सलाह दी जाती है कि वे अवलोकन करने के लिए नवीनतम प्रोत्साहन प्रमाणपत्र और अन्य राजस्व / नगरपालिका रिकॉर्डो का सत्यापन करें और संपत्ति पर यदि कोई हो, तो टाईटल और अभिलेखों पर स्वयं को संतुष्ट करें। लेनदारों/बैंक को ज्ञात नहीं जैसे कि कर बकाया, संपत्ति कर बकाया या अन्य वैधानिक बकाया यदि कोई हो, तो बोली लगाने से पहले संबंधित विभागों से इच्छुक बोलीदाताओं से पूछताछ की जाएगी।
15. प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम बोली स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा प्राधिकृत अधिकारी को कोई भी ऑफर या सभी ऑफर्स स्वीकार या अस्वीकार करने अथवा बिना कोई कारण बताए ई–नीलामी स्थगित/प्रास्थगित/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
16. क्रेता स्टांप शुल्क, बिक्री प्रमाण पत्र शुल्क, पंजीकरण शुल्क, सरकार को देय सभी वैधानिक बकाया, कर और दरों और बिक्री प्रमाण पत्र के जारी होने के समय यदि कोई स्रोत पर आयकर हो, तो वर्तमान और भविष्य दोनों पर देय होने वाले शुल्कों को या बाद में सम्पत्तियों से संबंधित शुल्क को वहन करना होगा।
17. बेची गई सम्पत्ति/आस्तियों के संबंध में सभी सांविधिक/गैर–सांविधिक देयताओं अथवा किसी व्यक्ति को देय सभी प्रभार/कर/हस्तांतरण हेतु देय दरें, सम्पत्ति कर, अन्य कोई देय एकमात्र रूप से सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे।
18. यह प्रकाशन उपरोक्त कर्जदार/गारंटर के लिए सरफासी एक्ट 2002 के नियम 8(6) और 6(2) के अधीन सांविधिक **15/30 दिन** की बिक्री सूचना भी है।
19. बोलीदाता की ओर से किसी चूक/विफलता हेतु न तो यूबीआई और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए बोलीदाताओं से आवश्यकता के अनुसार बिजली आपूर्ति बैक–अप जैसी आवश्यक व्यवस्था/वैकल्पिक व्यवस्था करने का अनुरोध किया जाता है।
20. बोलीदाताओं को दी गई उपयोगकर्ता आईडी से की गई सभी बोलियों को केवल उसके द्वारा ही माना जाएगा।
21. बोली लगाने वाले बिक्री के नियमों और शर्तों को पढ़ना और समझना होगा और वे इसके द्वारा बाध्य होगें।
22. बिक्री सरफासी अधिनियम, नियम 2002 में समय–समय पर संशोधित शर्तों और उपरोक्त उल्लिखित शर्तों के अधीन है और किसी भी कोर्ट / न्यायाधिकरण के समक्ष लंबित होने पर मामलों/मुकदमों के विचाराधीन है।

दिनांक : 31.10.2019, स्थान : नई दिल्ली — **प्राधिकृत अधिकारी, युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया**

खबर कोना

पेरिस में पेरिस मास्टर्स टेनिस में बुधवार को दूसरे राउंड का मुकाबला जीतने के बाद खुशी जताते हुए ग्रीस के स्टेफंस टिस्टसिप्स।

रविंदर अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के फाइनल में

बुडापेस्ट, 30 अक्तूबर (भाषा)।

रविंदर ने यहां 61 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर अंडर 23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक पक्का किया। बाइस साल के रविंदर ने सीनियर यूरोपीय चैंपियन आर्मेनिया के आर्सेन हारुतयुनान को मंगलवार रात 4-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय कुश्ती महासंघ ने प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। इससे पूर्व अपने पहले मुकाबले में रविंदर ने हंगरी के मार्सेल बुदाई कोवाक्स को 12-1 से हराया था जबकि क्वार्टर फाइनल में रूस के दिनिस्लाम तख्तारोव को 11-0 से रौंदा था। दक्षिण एशियाई खेल 2016 में स्वर्ण और 2014 में कैडेट एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले सोनीपत के इस पहलवान की नजरें अब अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल करने पर टिकी हैं। फाइनल में उनका सामना बुधवार रात किर्गिस्तान के उलुकबेक झोलदोशबेकोव से होगा।

स्वास्तिका, काव्या को ओमान जूनियर और कैडेट ओपन में कांस्य

मुंबई, 30 अक्तूबर (भाषा)।

भारत की युवा टेबल टेनिस खिलाड़ियों स्वास्तिका घोष और काव्या श्री भास्कर ने मस्कट में ओमान जूनियर और कैडेट टेबल टेनिस ओपन में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किए। इसी टूर्नामेंट में रजत पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहीं स्वास्तिका ने अपनी शानदार फार्म लड़कियों के एकल वर्ग में भी जारी रखी। वह ग्रुप स्तर पर अजेय रहीं और तीन मैचों से छह अंक हासिल किए।स्वास्तिका को प्री क्वार्टर फाइनल में बाई मिली जबकि अंतिम आठ में उन्होंने वान ह्यूसान ली को 4-3 से हराया। सेमीफाइनल में हालांकि वह चीनी ताइपे की प्रतिभाशाली खिलाड़ी यी चेन सू से हार गई।

वार्नर-स्मिथ ने आस्ट्रेलिया को दिलाई आसान जीत

ब्रिस्बेन, 30 अक्तूबर (एएफपी)।

डेविड वार्नर और स्टीवन स्मिथ के नाबाद अर्धशतकों की मदद से आस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। पाकिस्तान पर 3-0 से जीत दर्ज करने के बाद यहां पहुंचे श्रीलंका के लिए एक और करारा झटका है क्योंकि एडीलेड में खेले गए पहले मैच में उसे 134 रन से हार झेलनी पड़ी थी। तीसरा और अंतिम मैच मेलबर्न में शुक्रवार को खेला जाएगा।

आस्ट्रेलिया की कसी हुई गेंदबाजी के सामने श्रीलंका 19 ओवर में 117 पर ढेर हो गया जिसमें कुसाल परेरा ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। आस्ट्रेलिया ने 13 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया और इस तरह से 42 गेंद शेष रहते ही जीत दर्ज कर ली।

वार्नर (नाबाद 60) और स्मिथ (नाबाद 53) ने आरोन फिंच के पहले ओवर में आउट होने के बाद जिम्मेदारी संभाली और दूसरे विकेट के लिए

117 रन की अटूट साझेदारी की। फिंच को लसिथ मलिंगा ने विकेट के पीछे कैच कराया। वार्नर ने पिछले मैच में टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना पहला शतक लगाया था और उन्होंने अपनी शानदार फार्म जारी रखी। उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी में नौ चौके लगाए। स्मिथ ने भी 2016 के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपनी पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी की और अपने शानदार ड्राइव और तेजी से रन चुराने की कला से दर्शकों का मनोरंजन किया। उनकी पारी में छह चौके शामिल हैं।

इससे पहले श्रीलंकाई बल्लेबाजी शुरू में लड़खड़ा गई। मलिंगा ने पहले मैच में हार के बाद अपने खिलाड़ियों से जज्बा दिखाने की अपील की थी, लेकिन मिशेल स्टार्क की जगह लिए गए बिली स्टेनलेक, एस्टन एगर, एडम जंपा और पैट कमिन्स ने दो-दो विकेट लेकर फिर से श्रीलंकाई बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया।

आस्ट्रेलिया को दूसरे ओवर में ही पहली सफलता मिली जब कुसाल मेंडिस (एक) रन आउट हो गए। उन्हें आउट करवाने वाले धनुष्का गुणतिलका (21) ने स्टेनलेक पर छक्का जमाया और इसी तेज गेंदबाज ने उन्हें बोल्ड कर दिया। स्पिनर एगर ने इसके बाद अविष्का फर्नांडो (17) को पवेलियन भेजा।

निरोशन डिकवेला (पांच) को कमिन्स ने पवेलियन भेजा जबकि परेरा ने एगर की गेंद अपने विकेटों में खेली। दासुन शनाका केवल एक रन बनाकर स्टेनलेक की गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स केरी को कैच दे बैठे। वाहिंदु हसरंगा, इसुरू उदाना और लक्षण संदाकन ने दस-दस जबकि मलिंगा ने नौ रन का योगदान दिया।

शाकिब पर आइसीसी जांच की पहले से कोई जानकारी नहीं थी : बीसीबी प्रमुख

ढाका, 30 अक्तूबर (भाषा)।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) प्रमुख नजमुल हसन ने दावा किया है कि बीसीबी को अपने टैस्ट और टी 20 कप्तान शाकिब अल हसन के खिलाफ आइसीसी की भ्रष्टाचार-रोधी जांच के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

शाकिब पर एक संदिग्ध भारतीय सट्टेबाज द्वारा की गई तीन पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने के लिए दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रतिबंध में 12 महीने की निलंबित सजा है जो शाकिब के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता (एसीयू) का पालन करने में असफल होने पर ही प्रभावी होगी। आइसीसी ने मंगलवार को इस प्रतिबंध की घोषणा की थी।

स्थानीय मीडिया ने हसन के हवाले से कहा, 'मैं स्पष्ट रूप से बताना चाहता हूं कि न ही मुझे और न ही बीसीबी के किसी व्यक्ति को जांच के बारे में कुछ पता था जो जनवरी से चल रही थी।' उन्होंने कहा, 'एसीयू (स्वंतत्र संस्था) ने शाकिब से बात की। उसने खिलाड़ियों के साथ हड़ताल से संबंधित बैठक के बाद मुझे दो या तीन दिन पहले सूचित किया।'

एक साल के प्रतिबंध में शाकिब अगले साल होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग और 2020 में ही 18 अक्तूबर से 15 नवंबर तक आस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व कप टी20 से भी बाहर रहेगा।

दुनिया के नंबर एक वनडे आलराउंडर ने संदिग्ध सट्टेबाज दीपक अग्रवाल द्वारा की गई पेशकश की रिपोर्ट नहीं की थी, जिन्होंने उन्हें तीन अलग-अलग मौकों पर टीम संयोजन और रणनीति के बारे में जानकारी देने के लिए कहा था। हालांकि बोर्ड प्रमुख ने स्वीकार किया कि वे शुरू में शाकिब से नाराज थे कि उन्होंने इन पेशकश की रिपोर्ट क्यों नहीं की थी।

शाकिब 2023 में बांग्लादेश की अगुआई करेंगे : मुर्तजा

ढाका, 30 अक्तूबर (भाषा)।

एकदिवसीय कप्तान मशरेफी मुर्तजा ने बुधवार को कहा कि उनके साथी शाकिब अल हसन पर आइसीसी का प्रतिबंध लगने के कारण उन्हें भी नींद नहीं आएगी लेकिन विश्वास जताया कि यह स्टार आलराउंडर सफल वापसी करके विश्व कप 2023 में बांग्लादेश की अगुआई करेगा। मुर्तजा ने अपने ट्विटर हैंडल पर बंगाली में लिखा, 'निश्चित तौर पर मुझे भी 13 साल से अपने साथी के साथ हाल की घटनाओं के कारण कुछ रातों तक नींद नहीं आएगी। लेकिन यह सोचकर चैन की नींद सो सकता हूं कि वह 2023 विश्व कप में टीम की अगुवाई करेगा क्योंकि उनका नाम शाकिब अल हसन है।'

शाकिब पर और कड़ा प्रतिबंध लगना चाहिए था : वॉन

नई दिल्ली, 30 अक्तूबर (भाषा)।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने शाकिब अल हसन के लिए कड़े प्रतिबंध की मांग की है जबकि आस्ट्रेलियाई डीन जोंस इस बात से हैरान हैं कि इस बांग्लादेशी आलराउंडर ने ऐसे समय में इन भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट क्यों नहीं की जब 'खिलाड़ी नियमों के बारे में भली भांति वाकिफ' हैं।

वॉन ने ट्वीट किया, 'शाकिब अल हसन से कोई सहानुभूति नहीं। बिलकुल भी नहीं। इस समय में जब खिलाड़ियों को हर समय बताया जाता है कि वे क्या कर सकते हैं क्या नहीं और क्या चीज उन्हें तुरंत रिपोर्ट करनी चाहिए।

गुलाबी गेंद टैस्ट : क्यूरेटर दलजीत ने पिच पर अधिक घास रखने की सलाह दी

नई दिल्ली, 30 अक्तूबर (भाषा)।

बीसीसीआइ के पूर्व मुख्य क्यूरेटर दलजीत सिंह ने अगले महीने भारत में होने वाले पहले दिन रात्रि टैस्ट मैच के दौरान विकेट पर अधिक घास रखने और ओस से बचने के लिए आउटफील्ड पर कम घास रखने की सलाह दी है।

बीसीसीआइ और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने ईडन गार्डन्स में 22 नवंबर से शुरू होने वाले टैस्ट मैच को गुलाबी गेंद से खेलने पर सहमति जताई है। इस दिन रात्रि टैस्ट मैच की तैयारियों में हालांकि बहुत कम समय बचा है। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) को हालांकि गुलाबी गेंद से मैचों के आयोजन का अनुभव है।

भारतीय क्रिकेट में 22 साल तक सेवा देने के बाद बीसीसीआइ के मुख्य क्यूरेटर पद से पिछले महीने सेवानिवृत्त होने वाले दलजीत ने कहा, 'ओस मुख्य चिंता होगी। इसमें कोई संदेह नहीं। उन्हें समझना होगा कि आप इससे बच नहीं सकते हो।' उन्होंने कहा, 'इससे बचाव के लिए आउटफील्ड में घास कम रखनी होगी और पिच पर आम घास से अधिक लंबी घास रखनी पड़ेगी। आउटफील्ड में जितनी अधिक घास होगी, ओस की परेशानी उतनी ज्यादा होगी।'

इस मैच के दोपहर बाद एक बजकर 30 मिनट से शुरू होने की संभावना है और खेल रात आठ बजकर 30 मिनट तक चल सकता है। दलजीत का मानना है कि गुलाबी गेंद की चमक लंबे समय तक बनाए रखने के लिए पिच पर अधिक घास रखनी होगी। उन्होंने और उनकी टीम ने 2016 में दलीप ट्राफी टूर्नामेंट के दौरान ऐसा किया था जब मैच ग्रेटर नोएडा में दूधिया रोशनी में खेले गए थे।

उन्होंने कहा, 'गुलाबी गेंद जल्दी गंदी हो जाती है और इसलिए उन्हें पिच पर अधिक घास रखनी होगी। आपको याद होगा जबकि एडीलेड में (2017 में) पहला दिन रात्रि टैस्ट मैच खेला गया था तो उन्होंने पिच पर 11 मिमी घास रखी थी। आपको इतनी घास को तैयार करना होगा। आप मैच के एक दिन पहले इसे नहीं काट सकते या फिर पिच धीमी खेलेगी।'

दलजीत ने कहा, '(दलीप ट्राफी मैचों के दौरान) ओस एक मसला था, गेंद वास्तव में गंदी हो जाती थी। पिच पर सात मिमी घास थी जबकि अमूमन घास 2.5 से चार मिमी लंबी होती है। घास लंबी होने का मतलब है कि गेंद बहुत अधिक सीम करेगी।' एक अन्य क्यूरेटर ने गोपनीयता की शर्त पर मैच से दो तीन दिन पहले से आउटफील्ड की घास पर पानी न डालने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'ओस मसला होगा लेकिन तब बहुत अधिक ठंड नहीं रहेगी। सुपरसोपर्स के अलावा ओस से निबटने में उपयोगी रसायनों का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'आउटफील्ड में हम अमूमन सात से आठ मिमी घास रखते हैं लेकिन दिन रात्रि टैस्ट मैच के लिये यह छह मिमी रखी जा सकती है। इससे आप ओस का प्रभाव कम कर सकते हैं।

ओस मुख्य चिंता होगी। इसमें कोई संदेह नहीं। इससे बचाव के लिए आउटफील्ड में घास कम रखनी होगी और पिच पर आम घास से अधिक लंबी घास रखनी पड़ेगी। आउटफील्ड में जितनी अधिक घास होगी, ओस की परेशानी उतनी ज्यादा होगी।

-पूर्व मुख्य क्यूरेटर दलजीत सिंह

बीसीसीआइ ने एसजी से 72 गुलाबी गेंदें मंगवाई

नई दिल्ली, 30 अक्तूबर (भाषा)।

बीसीसीआइ ने एसजी से अगले सप्ताह 72 गुलाबी गेंदें मंगवाई हैं जो 22 नवंबर से ईडन गार्डन पर होने वाले दिन रात्रि टैस्ट मैच में इस्तेमाल की जाएंगी। बीसीसीआइ अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इसकी पुष्टि की है कि मंगलवार से होने वाले इस मैच में एसजी गुलाबी गेंदें इस्तेमाल की जाएंगी। दूधिया रोशनी में खेले जाने वाले टैस्ट के लिए फिट गेंदें देना बड़ी चुनौती है। एसजी गुलाबी गेंद का अभी प्रतिस्पर्धी मैच में इस्तेमाल नहीं किया गया है। दलीप ट्राफी कूकाबूरा गुलाबी गेंद से लगातार तीन सत्र खेली गई। इसके बाद बीसीसीआइ ने पिछले साल लाल गेंद का रूख किया। कंपनी के विक्रय और विपणन निदेशक पारस आनंद ने कहा, 'बीसीसीआइ ने छह दर्जन गुलाबी गेंद मंगवाई है जो हम अगले सप्ताह तक दे देंगे।

शिव थापा और पूजा रानी फाइनल में

तोक्यो, 30 अक्तूबर (भाषा)।

पूर्व विश्व कांस्य पदक विजेता शिव थापा (63 किग्रा) ने कड़े मुकाबले में जीत से पूजा रानी (75 किग्रा) के साथ बुधवार को यहां ओलंपिक परीक्षण मुक्केबाजी प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि दो अन्य भारतीयों को शुरूआती दौर में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। सुबह के सत्र में सेमीफाइनल में चार बार के एशियाई पदकधारी और इस महीने के शुरू में तीसरा राष्ट्रीय खिताब जीतने वाले थापा ने जापान के दाइसुके नारीमात्सु को शिकस्त दी। एशियाई खेलों की पूर्व कांस्य पदकधारी रानी ने ब्राजील की बीट्रीज सोरेस को सर्वसम्मत फैसले में पराजित किया।

NxtGen Infinite Datacenter presents

The Indian EXPRESS EXCELLENCE IN GOVERNANCE AWARDS

INDIAN EXPRESS GROUP

HONOURING THE FINEST DISTRICT MAGISTRATES IN INDIA

CALL FOR ENTRIES

The Indian Express announces the second edition of The Indian Express Excellence in Governance Awards. The award celebrates District Magistrates across the nation who have been the agents of progress and change.

AWARD CATEGORIES

- Agriculture
- Border Districts
- Child Development
- Community Involvement
- Education
- Energy
- Entrepreneurship
- Health
- Implementation of Central Schemes
- Inclusive Innovation
- Jammu & Kashmir District
- Left Wing Extremism Districts
- North East Districts
- Skill Development
- Social Welfare
- Technology Implementation
- Water Management
- Women Development

To apply visit eigawards.indianexpress.com

LAST DATE FOR ENTRIES | DECEMBER 31, 2019

The Indian EXPRESS JOURNALISM OF COURAGE

IndianExpress.com/apps twitter.com/IndianExpress facebook.com/IndianExpress

भरोसा

फीफा विश्व कप क्वालीफायर में ओमान और अफगानिस्तान से मैच

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे : छेत्री

नई दिल्ली, 30 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर 1-1 से ड्रा खेलने के बाद बुधवार को वादा किया कि उनकी टीम ओमान और अफगानिस्तान के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगी। एशियाई चैंपियन और 2022 विश्व कप के मेजबान कतर के खिलाफ गोल रहित ड्रा खेलने के बाद भारतीय टीम को कोलकाता में दूसरे दौर के अपने पिछले क्वालीफाइंग मैच में कम रैंकिंग वाली बांग्लादेश की टीम के खिलाफ 1-1 से ड्रा के दौरान जूझना पड़ा था।

छेत्री ने यहां हर्बालाइफ न्यूट्रीशन के कार्यक्रम से इतर कहा, 'मुझे लगता है कि इसमें से एक मैच दुशांबे में होगा क्योंकि वे (अफगानिस्तान) अपने घरेलू मैच वहां खेल रहे हैं और फिर ओमान के खिलाफ (मस्कट में) खेलना है। दोनों काफी कड़े और महत्वपूर्ण मैच हैं लेकिन अपने अपने ऊपर भरोसा है। अगर हम जैसा कतर के खिलाफ खेले वैसा प्रदर्शन दोहराने में सफल रहे तो हम कर सकते हैं। हम डरे हुए नहीं हैं।'

दूसरे दौर के क्वालीफायर में अब तक जीत दर्ज करने में नाकाम रहे भारत को 15 नवंबर को अफगानिस्तान जबकि 20 नवंबर को ओमान से खेलना है। भारत अपने पहले मैच में घरेलू सरजमीं पर ओमान के खिलाफ बढ़त बनाने के बावजूद 1-2 से हार गया था।

छेत्री ने कहा कि टीम बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन से खुश नहीं है। उन्होंने कहा, 'हम बांग्लादेश के खिलाफ अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। टीम अच्छा खेली लेकिन हमारे स्ट्राइकरों ने कई मौके गंवाए और इसलिए हमने दो अंक गंवाए जो हमें नहीं गंवाने चाहिए थे।' एशियाई फुटबाल महासंघ (एएफसी) ने हाल में आइएसएल को देश की शीर्ष लीग के रूप में मान्यता दी है, इस बारे में पूछे जाने पर छेत्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्होंने एएफसी के साथ बात की होगी और उम्मीद है कि सभी हितधारक साथ आएंगे, मेरे लिए जितनी अधिक टीमें होंगी उतना बेहतर होगा, जितना जल्दी संभव हो।' उन्होंने कहा, 'जितना बड़ा होगा उतना बेहतर होगा। इससे प्रतिस्पर्धी मैचों की संख्या बढ़ेगी और यह खिलाड़ियों के लिए बेहतर है।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 346, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।